हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 41 देहरादून, बुधवार, 31 जुलाई, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8




भाजपा के मंच से कांग्रेस पर खूब बरसे किशोर उपाध्याय 3

# मुख्यमंत्री पहुंचे आपदा राहत शिविर, प्रभावितों से जाना हाल

## आपदाग्रस्त गांव तिनगढ़ का किया स्थलीय निरीक्षण



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

- पीड़ितों की समस्याएं सुनकर त्वरित निराकरण के दिये निर्देश
- आपदा की इस घड़ी में भारत सरकार एवं राज्य सरकार प्रभावितों के साथ

टिहरी , 31 जुलाई , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी के अस्थाई राहत शिविर राजकीय इण्टर कॉलेज विनक खाल में प्रभावितों हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने राहत शिविर में बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों, विकलांगों के लिए भी उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आपदा राहत शिविर में आपदा प्रभावितों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना तथा उनकी समस्यायें सुनी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके द्वारा आपदा के दिन से ही लगातार स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा रही है। उन्होंने आपदा में हुई जनहानि पर गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति तथा पीड़ित परिवार को इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियों के कारण प्राकृतिक आपदाएं हमेशा चुनौतियां बनकर आती हैं। इससे पूर्व तैयारी के साथ-साथ आपदा के समय सजगता और सतर्कता से कम से कम समय में आपदा पर काबू पाना जरूरी होता है, जिसका परिचय जिला प्रशासन ने



दिखाया है। उन्होंने पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान करने के जिला प्रशासन के प्रयासों की भी सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में भारत सरकार, राज्य सरकार प्रभावितों के साथ खड़ी है। तिनगढ़ गांव के विस्थापन की कार्रवाई शुरू हो गई है। अन्य गांव का सर्वे कर योजना बनाकर कार्य किया जाएगा। आपदा से क्षतिग्रस्त हुए सुरक्षा दीवार, स्कूल, पुल, तटबंध आदि कार्यों को शीघ्रता से किया जाएगा। आपदा सुरक्षा कार्यों में धन की कमी आड़े नहीं आएगी। उन्होंने आपदा के इस कठिन समय में धैर्य से एक दूसरे का सहयोग करने की बात कही।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को खतरे की जद में आने वाले मकानों को लेकर सजग रहने के निर्देश दिए। आपदा की इस घड़ी में जनप्रतिनिधियों को भी हर संभव मदद करने को कहा। आपदा प्रभावितों को कोई दिक्कत न हो तथा उनके जन जीवन को पूर्व की भांति पटरी पर लाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि तिनगढ़ गांव के पुनर्वास/विस्थापन के लिए भूगर्भीय सर्वे कर लिया गया है, तथा सैद्धान्तिक स्वीकृति मिल चुकी है। भूमि चिन्हीकरण की कार्यवाही की जा रही है। जमीन उपलब्धता के आधार पर धीरे धीरे लोगों का पुनर्वास किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि ग्राम कोट के 28 परिवारों के विस्थापन की कार्यवाही गतिमान है। तिनगढ़ के लगभग 100 पशुओं हेतु एक अस्थाई गौशाला का चिन्हीकरण कर लिया गया है।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन विनय रोहेला, जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण, विधायक घनसाली शक्ति लाल शाह, एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर, जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश नोटियाल, ब्लॉक प्रमुख भिलंगना वासुमति घणाता, सीडीओ डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, एडीएम के.के. मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, ग्रामीण मौजूद रहे।

# उत्तराखंड : 10 जिलों में अगले 2 दिन बरसेगा मानसून, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून 31 जुलाई : मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के दस जिलों में तेज बारिश होने के आसार हैं, जिसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। अन्य जिलों में भी जोरदार गरज के साथ मूसलाधार बारिश हो सकती है।प्रदेश में मानसून के आते ही गढ़वाल से कुमाऊं तक भारी बारिश का सिलसिला जारी है। लगातार बारिश के कारण पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन से भारी तबाही मची है, राज्य की नदियाँ और नाले भी उफान पर हैं। भूस्खलन के कारण विभिन्न स्थानों पर 131 मार्ग बंद हैं। पिथौरागढ़ और चमोली जिले सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। भारी बारिश के चलते टिहरी बांध का जलस्तर 791.91 मीटर पहुंच गया है। चार धाम यात्रा मार्ग पर भूस्खलन के कारण तीर्थ यात्रियों को भी दिक्कतें हो रही हैं। इसके चलते स्थानीय लोग और यात्री दोनों फंस रहे हैं।मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक भारी बारिश की संभावना जताई है। इसके चलते विभाग ने प्रदेश के कई जिलों देहरादून, पौड़ी, टिहरी, हरिद्वार, बागेश्वर, पिथौरागढ़, चंपावत, अल्मोड़ा, नैनीताल और उधम सिंह नगर में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। आने वाले 2 से 3 दिनों में पहाड़ से लेकर मैदान तक तेज बारिश देखने को मिल सकती है। इसके बाद अगस्त में बारिश की रफ़तार में कुछ कमी होने की सम्भावना है।

# मॉनसून में ज्यादा बारिश फिर भी उमस बरकरार

देहरादून। उत्तराखंड में इस महीने अब तक सामान्य से 19 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। लेकिन, दिन के समय उमस बरकरार है। देहरादून समेत कई शहरों का तापमान दो से पांच डिग्री ज्यादा दर्ज हो रहा है। पहले बारिश और फिर उमस से पेट और त्वचा से जुड़ी बीमारियों का खतरा बना हुआ है। जुलाई में देहरादून का अधिकतम पारा सामान्य तौर पर 30 डिग्री तक रहता है। लेकिन, यह 33 से 35 डिग्री तक पहुंच रहा है। पंतनगर, मसूरी, टिहरी और मुक्तेश्वर समेत विभिन्न शहरों में भी तापमान सामान्य से दो से चार डिग्री ज्यादा बना हुआ है। मौसम वैज्ञानिक रोहित थपलियाल के अनुसार, अलसुबह और रात को ही ज्यादातर बारिश हो रही है। दिन में धूप निकल रही है, जिसके चलते अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर जा रहा है। उन्होंने बताय कि प्रदेशभर में 30 जुलाई और एक अगस्त को बारिश बढ़ेगी। जौलीग्रांट में 136.4 एमएम बारिश दर्ज मौसम विभाग के अनुसार, देहरादून में रविवार रात जमकर बारिश हुई। रात आठ बजे से लेकर देर रात दो बजे तक जौलीग्रांट में करीब 136.4, देहरादून में 92, हरिपुर में 73.2, लोहाघाट में 52 और कर्णप्रयाग में 44.6 एमएम बारिश दर्ज की गई।

**बागेश्वर में सबसे ज्यादा, पौड़ी में कम बरसे बादल**

जुलाई के महीने में उत्तराखंड में करीब 463.2 एमएम बारिश हुई, जो सामान्य (389.2 एमएम) से 19 फीसदी ज्यादा है। इस अवधि में बागेश्वर में सबसे ज्यादा बारिश दर्ज की गई। यहां सामान्य से 265 फीसदी ज्यादा यानी 949 एमएम बारिश हुई। जबकि, सबसे कम बारिश पौड़ी गढ़वाल में दर्ज हुई, जहां 261.1 एमएम बारिश दर्ज की गई। यह सामान्य से 36 फीसदी कम है। दून में अब तक 636.4 एमएम बारिश दर्ज हुई है।

**देहरादून का तापमान**

25 जुलाई 33.4 डिग्री सेल्सियस
26 जुलाई 33 डिग्री सेल्सियस
27 जुलाई 31.3 डिग्री सेल्सियस
28 जुलाई 35.2 डिग्री सेल्सियस

# अगस्त में ही खास तरह का 'क्रिसमस डे' मनाने जा रहा है ये शहर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 31 जुलाई : दुनिया में हर जगह क्रिसमस 25 दिसंबर को मनाया जाता है. पर एक अनोखा शहर ऐसा ही भी जो अगले महीने ही अपने तरह का "क्रिसमस डे" मनाने वाला है , लेकिन जानने वालों का कहना है कि खास बात इस उत्सव में बल्कि समुद्र के किनारे बसा यह अनोखा हॉलिडे डेस्टिनेशन में है. फेस्टिवल का मकसद तो पर्यटकों को यह जताना है कि यह फेस्टिव सीजन में घूमने के लिए एक "शानदार जगह" है. शहर में टूरिज्म बढ़ाने के मकसद से यह कोशिश ज्यादा ही अनोखी मानी जा रही है।

ईस्ट यॉर्कशायर के ब्रिडलिंगटन में 7 अगस्त को 'ब्रिडमास डे' के लिए कई तरह की क्रिसमस गतिविधियां आयोजित की जाएगी. इसमें विल फेरेल की एल्फ की स्क्रीनिंग, समुद्र तट पर फेस्टिवल एक्टिविटीज और मजेदार चीजें भी मिलेगी । शहर के पैंटो, जैक एंड द बीनस्टॉक में कलाकार शहर के चारों ओर दिखाई देंगे, ब्रिडलिंगटन की लैंड ट्रेन त्यौहारी धुनें बजाएगी और ऐतिहासिक जगहों को फेस्टिवल के लिहाज से सजाया जाएगा. काउंसलर निक कोल्टिश ने कहा कि हालांकि यह दिन असामान्य था, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि यह मजेदार होगा।

मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, "गर्मियों के चरम पर समुद्र तट पर क्रिसमस लाना बेशक असामान्य है, लेकिन उम्मीद है कि लोग फेस्टिव मौज-मस्ती में शामिल होंगे." काउंसलर बार बार जेफरसन ने कहा कि ब्रिडमास डे "एक धमाकेदार दिन होने वाला है. इस कार्यक्रम का मकसद यह दिखाना है कि ब्रिडलिंगटन केवल गर्मियों का डेस्टिनेशन नहीं है। क्रिसमस के समय भी यह एक शानदार जगह है क्योंकि हमारे पास निवासियों और पर्यटकों, दोनों के लिए बहुत सारे कार्यक्रम और आकर्षण हैं, जिसमें स्पा में पैंटो और सीवरबी हॉल और गार्डन में विंटर वुडलैंड इवेंट, सांता एक्सप्रेस लैंड ट्रेनें और हमारे अवकाश केंद्र में उत्सव के ऑफ़र शामिल हैं।



# पड़ोसी की बीवी को परेशान करने वालों को मिली अनोखी सजा



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 31 जुलाई : दिल्ली हाईकोर्ट ने पड़ोसी की पत्नी के साथ बदसलूकी करने के आरोप में दोषी पाए गए दो व्यक्तियों को एक महीने तक गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब में सामुदायिक सेवा करने का निर्देश दिया है. साथ ही मामले में दर्ज की गई प्राथमिकी को भी रद्द कर दिया है. यह फैसला आरोपियों और शिकायतकर्ता के बीच हुए समझौते के बाद लिया गया।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि आरोपियों को अपनी गलतियों का प्रायश्चित करना होगा. इसके लिए उन्होंने दोनों आरोपियों को सशस्त्र सेना युद्ध हताहत कल्याण कोष में 25-25 हजार रुपये का भुगतान करने और अपने इलाके में 20-20 पेड़ लगाने का आदेश दिया. इसके अलावा यह भी आदेश दिया कि उन्हें एक महीने तक गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब में सामुदायिक सेवा करनी होगी, जिसका प्रमाण पत्र उन्हें अदालत में प्रस्तुत करना होगा। शिकायतकर्ता ने कहा कि वह समझौते के कारण मामले को आगे नहीं बढ़ाना चाहता, जिसके बाद कोर्ट ने प्राथमिकी रद्द कर दी. कोर्ट ने कहा कि ऐसी परिस्थिति में कार्यवाही जारी रखने से कोई लाभ नहीं होगा, लेकिन अगर आरोपियों ने निर्देशों का पालन नहीं किया तो राज्य निरस्तीकरण आदेश को वापस लेने की मांग कर सकता है।

आरोपियों के खिलाफ 2014 में भारतीय दंड संहिता के विभिन्न अपराधों के लिए यह एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसमें महिला को चोट पहुंचाना, उसकी गरिमा को भंग करने के इरादे से हमला या उसे अपमानित करने के इरादे से की गई कार्रवाई के आरोप शामिल थे. हालांकि, सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया. जिसके बाद कोर्ट ने आरोपियों को सबक सिखाने के इरादे से कुछ खास निर्देश दिए।

# रात में AC चलाकर सो गई महिला, सुबह उठी तो हुई बेहोश, होश उड़ा देगा पूरा मामला

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 31 जुलाई : देशभर में गर्मी का कहर जारी है. शहरों में रहने वाले ज्यादातर लोग इस भीषण गर्मी से बचने के लिए AC का इस्तेमाल कर रहे हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि एयर कंडिशन यानी एसी चलाना जानलेवा भी साबित हो सकता है? अगर नहीं जानते तो बता दें कि हाल ही एसी की वजह से एक लड़की के जान पर बन आई. उसे 5 घंटे तक हॉस्पिटल में भर्ती करना पड़ा. फिर डॉक्टर ने जो खुलासा किया, उसे जानकर आपके भी होश उड़ जाएंगे. बता दें कि 24 साल की इस लड़की का नाम लियाना फोस्टर है, जो ब्रिटेन की रहने वाली है. लेकिन हाल ही में घूमने के लिए तुर्कीए गई थीं. रात में वो सोने से पहले एसी चला दीं और फिर सो गईं. लेकिन एसी की वजह से लियाना टॉन्सिलाइटिस से पीड़ित हो गईं, जिसके बाद उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराना पड़ा. लड़की ने बताया कि यह दौरा किसी दुःस्वप्न से कम नहीं है।

मिली जानकारी के अनुसार, लियाना फोस्टर अपने परिवार के साथ तुर्कीए के एंटाल्या में छुट्टियां मना रही थीं, जब उन्हें गले में दर्द की शिकायत हुई. दरअसल, रात में वो एसी चलाकर सो गई थीं. टेम्परेचर भी



संभवतः बहुत कम था. ऐसे में अगले दिन उन्हें "बेहोशी" महसूस हुई. उनकी 52 वर्षीय मां लिनेट को बेटी के टॉन्सिल पर सफ़ेद धब्बे दिखने लगे. वो डर गईं और तुरंत बेटी को अस्पताल लेकर पहुंच गईं. लंदन की रहने वाली लियाना जब हॉस्पिटल गई और उनकी जांच की गई तो चौंकाने वाली सच्चाई सामने आई।

डॉक्टर्स ने बताया कि यह संभवतः एयर कंडीशन की वजह से हुआ है. डॉक्टरों ने तुरंत उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती किया और ड्रिप लगाकर इलाज करने लगे.लियाना को 5 घंटे तक हॉस्पिटल में ही रहना पड़ा. जब उनकी हालत में सुधार दिखा, तब डॉक्टरों ने उनको घर जाने की अनुमति दी. हालांकि, लियाना के सेहत में काफी सुधार हुआ है, लेकिन इसके बावजूद वो पिछले हफ़्ते से एंटीबायोटिक्स ले रही हैं और धीरे-धीरे ठीक हो रही हैं. बतौर कंटेंट क्रिएटर काम करने वाली लियाना ने बताया, "मुझे बहुत ज़्यादा घबराहट महसूस हुई और गले में भी दर्द हुआ. मैं वास्तव में कांप रही थी. मैं न तो खा पा रही थी और न ही पी पा रही थी. मुझे लगा कि कहीं कोरोना तो नहीं हो गया, क्योंकि मेरे शरीर का तापमान बहुत ज़्यादा था. मेरा पूरा शरीर दर्द कर रहा था. ऐसे में जब मैं अस्पताल गई और डॉक्टरों ने कहा कि मुझे टॉन्सिलिटिस है।

# हवा में भिड़ गए मियां-बीवी, मारपीट देख घबराया स्टाफ, करानी पड़ी इमरजेंसी लैंडिंग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 31 जुलाई : मियां-बीवी का रिश्ता ही ऐसा होता है, जिसमें प्यार के साथ-साथ तकरार भी भरपूर होती है. कभी-कभी तो सार्वजनिक जगहों पर भी कपल आपस में भिड़ जाते हैं और आसपास वाले दंग रह जाते हैं. अगर ये मामला बातों तक ही सीमित रहे, तो मामला फिर भी ठीक है लेकिन जब हाथापाई तक पहुंच जाता है तो दो लोगों के अलावा वहां मौजूद लोग न चाहते हुए ही इसमें शामिल हो जाते हैं।



पति-पत्नी की लड़ाइयों के तो तमाम किस्से आपने सुने होंगे. हालांकि कोई अगर हवाई रास्ते में भिड़ जाए, तो क्या होगा? चलिए हम आपको बताते हैं एक ऐसा ही किस्सा. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार डबलिन से चली एक फ्लाइट में बीच रास्ते मियां-बीवी ऐसे भिड़े कि उड़ान को वापस लौटाना पड़ गया।

Aer Lingus की फ्लाइट नंबर EI 738 शाम को करीब 7 बजकर 15 मिनट पर डबलिन से चली थी. उड़ान के करीब एक घंटे के बाद ही क्रू ने घोषणा कर दी कि एक एमरजेंसी आ गई है. दरअसल ये एमरजेंसी एक कपल के बीच हो रही लड़ाई थी. क्रू ने उन्हें समझाने और मामला शांत करने की कोशिश की लेकिन वे नहीं माने बल्कि एक-दूसरे को मारने-पीटने पर आमादा हो गए. जब बात उनके हाथ से निकलने लगी तो पायलट ने इसके बारे में कंट्रोल रूम को बताया और फ्लाइट की एमरजेंसी लैंडिंग नानतेस एयरपोर्ट पर कराई गई।

लड़ाई के दौरान महिला के चेहरे पर चोट भी आई थी, जिसकी वजह से फ्लाइट लैंड होने के बाद उसके पार्टनर को गिरफ्तार किया गया. इस घटना की फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है. आखिरकार दो घंटे के डिले के बाद फ्लाइट को वापस उड़ाया गया और डेस्टिनेशन यानी Palma De Mallorca Airport पर देर रात 1 बजकर 5 मिनट पर पहुंचाया गया।

# भाजपा के मंच से कांग्रेस पर खूब बरसे किशोर उपाध्याय

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 31 जुलाई , भाजपा ने कांवड़ यात्रा और आपदा सीजन में कांग्रेस की राजनैतिक यात्रा के औचित्य पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं । पार्टी विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा, टिहरी समेत कई स्थानों पर प्रदेश आपदा का सामना कर रहा है, लेकिन इनके नेताओं को यात्रा से फुर्सत नहीं है । साथ ही कटाक्ष किया कि कांग्रेसी श्री केदारनाथ धाम की नहीं बल्कि अपनी अपनी प्रतिष्ठा बचाने के लिए यात्रा पर निकले हैं।




पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान टिहरी विधायक ने कहा, बूढ़ा केदार, उत्तरकाशी, यमुनोत्री, चमोली आदि स्थानों में स्थानीय लोगों के साथ शासन प्रशासन आपदा का मजबूती से सामना कर रहा है। लेकिन कांग्रेस पार्टी के नेता अपनी राजनैतिक यात्रा में मग्न हैं । उनके बड़े नेताओं और विशेषकर प्रदेश अध्यक्ष ने एक भी दिन, आपदा प्रभावितों का दुख दर्द जानने की फुर्सत नहीं मिली । इससे पूर्व भी जब उन्होंने हरिद्वार से यात्रा की शुरुआत की तो वहां कांवड़ की यात्रा चरम पर थी और ऐसी राजनैतिक यात्रा किसी भी बड़ी समस्या का कारण बन सकती थी । लेकिन कांग्रेस के नेताओं को अपनी राजनीति से मतलब है, आम जनता को होने वाली असुविधाओं से नही है । ऐसे में बेहतर होता, वे यात्रा एवं मानसून सीजन की प्रतिकूल परिस्थितियों को समझते और जनहित एवं राज्यहित में अपनी यात्रा स्थगित करते । इस मौके पर उन्होंने चिंता जताई कि आपदा में कांग्रेस की यात्रा के दौरान हुई कोई दुर्घटना हो जाए तो कौन जिम्मेदार होगा ।

उन्होंने कटाक्ष किया कि भगवान भोलेनाथ, केदार धाम में स्वयंभू विराजमान है और दुनिया की कोई भी ताकत उनकी महिमा को कम नहीं कर सकती है । उसपर देवभूमि के धाम शब्द वाले सभी मंदिरों के नाम पर ट्रस्ट या समिति बनाने पर धामी सरकार ने रोक लगा दी है ।ऐसे में कांग्रेस नेताओं का श्री केदारनाथ धाम की प्रतिष्ठा बचाने के लिए चलाई का रही यात्रा हास्यास्पद है । प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति को अहसास है कि ये यात्रा बाबा के धाम की प्रतिष्ठा बचाने की नहीं बल्कि अपनी अपनी राजनैतिक प्रतिष्ठा बचाने की यात्रा है । उन्हें अहसास हो गया है कि केदारनाथ सीट वे कभी नहीं जीतने वाले, केदारनाथ धाम को अपनी रणनीति हिस्सा बनाकर जनता को भ्रमित करने में लगे हैं । लेकिन जनता उनकी नीति एवं नियत दोनों को अच्छी तरह से जानती है और बाबा केदार भी कांग्रेस को उनके पाप का दंड अवश्य देंगे।

उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा, जो देश दुनिया में सनातन को समाप्त करने की बातें करते हों, उनका देवभूमि में श्री केदार धाम को बचाने की बात करना पूरी तरह ढकोसला है। उन्हें इतनी ही चिंता है तो सबसे पहले, हाल में ही अपनी कर्नाटक सरकार द्वारा वहां रामनगर जिले का नाम परिवर्तित करने की आलोचना करनी चाहिए । लेकिन वह ऐसा करेंगे नहीं क्योंकि सनातन का विरोध करना उनकी असलियत है। साथ ही मीडिया द्वारा पूछे, केदारनाथ में हुए भ्रष्टाचार के कांग्रेसी आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि जो झूठ सवाल पूछ कर भ्रम एवं अफवाह फैलाने का षड्यंत्र रच रहे हैं वही लोग केदार आपदा के करोड़ों रुपए से फिल्म बनाकर अपना प्रचार करते रहे, धाम के गृभ गृह में जूतों समेत प्रवेश कर अपमान करते रहे, हिटो केदार के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई लुटाते रहे।

## मनु के साथ शूटर सरबजोत का भी दून से नाता

देहरादून। ओलंपिक की शूटिंग स्पर्धा में मनु भाकर के साथ मिक्श डबल में कांस्य पदक जीतने वाले सरबजोत सिंह का भी दून से नाता है। वो 2021-22 में कुछ समय ट्रेनिंग के लिए वो दून आए थे। तब अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जसपाल राणा उनके कोच थे। वहीं, मनु भाकर हाल ही में डेढ़ महीना देहरादून में प्रशिक्षण लेकर गई हैं। जसपाल राणा के भाई राजेंद्र राणा ने बताया कि मनु और सरबजोत ने देश का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता पर पूरे देश को नाज है। उन्होंने बताया कि सरबजोत सिंह भी जसपाल राणा से कोचिंग ले चुके हैं। जबकि मनु वर्तमान में राणा से ही प्रशिक्षण ले रहीं हैं। दोनों ही खिलाड़ी देहरादून में जसपाल राणा शूटिंग एकेडमी आ चुके हैं। उधर, दोनों खिलाड़ियों के पदक जीतने के बाद सोशल मीडिया पर बधाई संदेश आ रहे हैं। लोगों की ओर से कोच जसपाल राणा को भी शुभकामनाएं दी हैं।

एकेडमी में खुशी का माहौल : मनु भाकर और सरबजोत सिंह के ओलंपिक मेडल के बाद मंगलवार को जसपाल राणा शूटिंग एकेडमी पोंधा में खुशी का माहौल था। एकेडमी में प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों ने पूरा मैच देखा और एक दूसरे को जीत की बधाई दी।

## आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण में यूथ रेडक्रास की भूमिका सराहनीय

देहरादून। डीआईटी यूनिवर्सिटी में मंगलवार को दीक्षारम्भ 2024 के मौके पर एक दिवसीय विशेष आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण और जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इसमें छात्रों को आपदा से निपटने और ऐसे वक्त पर प्रभावितों की मदद और बचाव के तरीके बताए गए। यूनिवर्सिटी की डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. मनीषा डुसेजा ने यूथ रेडक्रास कमेटी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह युवाओं को सेवाभाव के साथ ही जिम्मेदारियों से भी जोड़ता है। चीफ प्रोक्टर डॉ. नवीन सिंघल ने इस मौके पर नेशनल डिजास्टर वाटसन रिस्पांस टीम के सदस्य अनिल वर्मा को सम्मानित किया। इस मौके पर यूथ रेडक्रास सदस्या मेजर प्रेमलता वर्मा, डीआईटी यूनिवर्सिटी के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट जबरिंदर सिंह, लेफ्टिनेंट ब्रजलता, डॉ. सौरभ मिश्रा मंजुला खुल्बे के साथ ही आयुषि कठैत, अनुषा नौटियाल, वैभवी पाण्डेय समेत अन्य मौजूद रहे।

## दून में आप कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

देहरादून। दून के पंडित दीनदयाल पार्क के सामने मंगलवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष एसएस कलेर ने कहा कि आप संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ ईडी, सीबीआई समेत अन्य एजेंसियों का केंद्र सरकार गलत प्रयोग कर रही है। उनकी गिरफ्तारी गलत तरीके से कराई गई है। कहा कि केंद्र सरकार केजरीवाल को जनहित के कार्यो से दूर रखने के लिए साजिश कर रही है। आरोप है कि जेल में केजरीवाल की तबीयत बिगड़ रही है, लेकिन संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। कहा कि आप कार्यकर्ता न्याय नहीं मिलने तक सड़कों पर प्रदर्शन जारी रखेंगे। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल चौधरी, प्रेम सिंह, डीके पाल, संजय सैनी, अशोक सेमवाल, सुधा पटवाल, सुदेश सैनी, ममता सिंह, अंबरीश गिरी, यामिनी, सचिन थपलियाल, सुधीर पंत, जितेन पंत, शरद जैन, श्यामलाल नाथ, सुरेन्द्र शर्मा, सुशील सैनी, संध्या चौटाला, नासिर खान, राकेश लोहट, इकबाल राव, सूरज गुंसाई, ऋतु डिमरी, विपिन नेगी, कासिम चौधरी, सीमा कश्यप, दयाराम, श्यामबाबू पाण्डे, अक्षय शर्मा आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मंगलवार को राजभवन में कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कैबिनेट मंत्री से स्वास्थ्य विभाग एवं उच्च शिक्षा से संबंधित विषयों पर जानकारी ली।

### राज्य आंदोलनकारी स्व. वेद उनियाल की पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के राज्य आंदोलनकारी स्व. वेद उनियाल की पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मंगलवार को देहरादून में पार्टी कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। बैठक में केंद्रीय उपाध्यक्ष शांति भट्ट ने कहा कि वेद उनियाल जैसी शख्शियत बिरले ही जन्म लेते है। जनसरोकारों के मुद्दों पर वेद उनियाल हमेशा मुखर रहे। उन्होंने समाज में राजनैतिक चेतना जगाने का काम किया। युवाओं को जागरूक करने कि क्षमता उनके अंदर कूट-कूट कर भरी थी। केंद्रीय महामंत्री मनोरथ प्रसाद ध्यानी ने कहा कि स्व. वेद उनियाल उक्रांद के थिंक टैंक के रूप में जाने जाते हैं। राज्य आंदोलन की रणनीति में पहाड़ के गांधी स्व. इंद्रमणि बड़ोनी के साथ उनकी अहम भूमिका रही है। दल के कार्यकर्मों को सफल बनाने के लिए वेद का अलग अंदाज था। मौके पर प्रमिला रावत, प्रताप कुंवर, सुबोध पोखरियाल, अशोक नेगी, आशा शर्मा, विजेंद्र रावत, मनीष रावत, आंदोलनकारी पूरण सिंह लिंगवाल, प्रभात डंडरियाल, सुरेश शर्मा आदि मौजूद थे।

### बेटे के रेप के केस में फंसने का डर बनाकर डाक्टर से ठगे 12.40 लाख

देहरादून। डालनवाला क्षेत्र निवासी डाक्टर डा. दीपिका आहुजा मसूरी रोड निजी अस्पताल में कार्यरत हैं । उन्हें बीते 25 जुलाई को एक अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को एसएचओ विजय साहू बताया। दावा किया कि उनका बेटा और तीन अन्य लड़के दस दिन पहले बलात्कार के मामले में गिरफ्तार किए गए हैं। फोन करने वाले ने कहा कि वह यकीन करता है कि उनका बेटा निर्दोष है। पर उसे छोड़ने के लिए पैसे देने होंगे। कॉल में डॉ. आहुजा ने अपने बेटे की रोती हुई आवाज सुनी, जैसे कि उसे पीटा जा रहा हो। कॉलर ने महिला को डराया कि उनका फोन टैप किया गया है। किसी से संपर्क नहीं करें। इस तरह डाक्टर घबरा गई। पहले उन्होंने अपने गूगल पे के जरिए आरोपी को दो ट्रांजेक्शन में 90 रुपये भेजे। इसे बाद दबाव में आई महिला अपने बैंक गई और आरोपी के बताए खाते में तीन अलग-अलग ट्रांजेक्शन में साढ़े 11 लाख रुपये ट्रांसफर करा दिए। इसके बाद महिला की बहू घर पहुंची। पुत्र वधू को घटना का पता लगा तो पति को फोन किया। वह विधौली स्थित जिस संस्थान में नौकरी करते हैं वहां सुरक्षित थे। इसके बाद महिला को पता लगा कि डराकर साइबर ठगों ने चूना लगाया है। इंस्पेक्टर डालनवाला मनोज मैनवाल बताया कि महिला डाक्टर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### नागरिक सुरक्षा संगठन ने सहस्त्रधारा रोड पर पौधे लगाए

देहरादून। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नागरिक सुरक्षा संगठन ने सहस्त्रधारा रोड, आईटी पार्क इलाके में पौधरोपण अभियान चलाया। संगठन के उपनियंत्रक श्यामेंद्र कुमार साहू ने बताया कि अलग-अलग टीमों ने पौधरोपण में हिस्सा लिया। इस दौरान कैनाल रोड, किशनपुर, मानव कल्याण केंद्र भी भी पौधे लगाए। अभियान में लोकेश गर्ग, डॉ. राखी उपाध्याय, विनोद यादव, रचना बडोला, आनंद सिंह गुसाईं, पंकज जोशी, प्रमोद कुमार राणा, नरेंद्र पंवार, मोहम्मद नासिर खान, पृथ्वी छेत्री समेत अन्य मौजूद रहे।

### जीएमवीएन और केएमवीएन के कर्मचारियों का आंदोलन जारी

देहरादून। पर्यटन से जुड़े जीएमवीएन और केएमवीएन के कर्मचारियों का आंदोलन जारी है। कर्मचारियों ने साफ किया कि जब तक संविदा, दैनिक वेतन कर्मचारियों का नियमितीकरण नहीं हो जाता, आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलन में कर्मचारी सरकार की कर्मचारी विरोधी नीति का विरोध करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण पर भी काम कर रहे हैं। संयुक्त कर्मचारी महासंघ जीएमवीएन केएमवीएन ने संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण को लेकर एक महीने से आंदोलन छेड़ रखा है। महासंघ अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने मंगलवार को देहरादून एकता विहार धरना स्थल पर कहा कि शासन ने कर्मचारियों को नियमित किए जाने का आश्वासन दिया है। इसके बावजूद आंदोलन तभी समाप्त होगा, जब सभी संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण हो जाएगा। नियमितीकरण को लेकर कर्मचारी इस बार सरकार के किसी भी प्रलोभन में नहीं आने वाले हैं। कहा कि न सिर्फ नियमितीकरण, बल्कि कर्मचारियों की वेतन विसंगति से जुड़े प्रकरणों का भी निस्तारण किया जाए।

# मसूरी टनल व किमाड़ी मोटर मार्ग का जल्द निर्माण : मंत्री गणेश जोशी

■ मसूरी टनल निर्माण, किमाड़ी मोटर मार्ग निर्माण सहित प्रदेश की कई अन्य परियोजनाओं पर हुई सकारात्मक वार्ता

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 30 जुलाई : सूबे के कृषि व ग्रामीण विकास विकास मंत्री गणेश जोशी ने नई दिल्ली स्थित ट्रांसपोर्ट भवन में केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा से भेंट की। मुलाकात के दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा से मसूरी टनल निर्माण तथा किमाड़ी मोटर मार्ग के निर्माण का अनुरोध किया।



कैबिनेट मंत्री जोशी ने मसूरी टनल परियोजना के संबंध मे चर्चा की। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि मसूरी टनल का नवीन संरक्षण के साथ डीपीआर गठित किए जाने की कार्यवाही की जा रही है। मसूरी टनल निर्माण के बाद देहरादून मसूरी मार्ग पर जाम की स्थिति नहीं रहेगी। इसके निर्माण के बाद स्थानीय निवासियों के साथ-साथ पर्यटकों को भी लाभ होगा। चारधाम यात्रा के दौरान गंगोत्री और यमुनोत्री जाने वाले तीर्थ यात्रियों को भी सहूलियत होगी। इसके अतिरिक्त, देहरादून से किमाड़ी होकर हाथीपांव मसूरी जाने वाली सड़क के चौड़ीकरण का अनुरोध भी केंद्रीय राज्य मंत्री से किया। उन्होंने बताया कि देहरादून मसूरी मार्ग पर जाम होने के कारण इस मार्ग को बाईपास के तौर पर प्रयोग किया जाता है। कैबिनेट मंत्री ने किमाड़ी-मसूरी सड़क की महत्ता को देखते हुए केंद्रीय सड़क निधि के माध्यम से इस सड़क निर्माण के लिए बजट स्वीकृत करने का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सीआरएफ मद (केंद्रीय सड़क निधि) के माध्यम से प्रस्ताव भेजने पर अप्रूवल दिया।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा से दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे, देहरादून मसूरी कनेक्टिविटी रोड़, देहरादून रिंग रोड तथा देहरादून-पांवटा साहिब परियोजना के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

# हड्डियों से आ रही वाली कट-कट की आवाज तो सावधान !

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 31 जुलाई , हड्डियों और जोड़ों में कभी-कभी चटकने या टक-टक की आवाज आना बहुत आम है और यह आमतौर पर हानिकारक नहीं होता है। इसका यह मतलब नहीं है कि आपको जोड़ों की गठिया जैसी कोई गंभीर बीमारी है। जोड़ों से ऐसी आवाज आना कई बार राहत की भावना प्रदान कर सकता है और आपको जोड़ में अधिक गति प्रदान कर सकता है। एक अध्ययन से पता चला है कि जोड़ों में क्यों इस तरह की आवाज आती है और इसके वैज्ञानिक कारण क्या हो सकते हैं।एक्सपर्ट मानते हैं कि जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ती है, जोड़ों में इस तरह की आवाज आना बढ़ सकता है। इसका कारण यह है कि उम्र बढ़ने से जोड़ों के कुछ कार्टिलेज खराब हो जाते हैं। कई बार इस तरह की आवाज दर्द या सूजन के साथ होती हैं, या चोट लगने के बाद होती हैं। ऐसी स्थिति में चिकित्सक से संपर्क करना बेहतर होता है जिससे यह पता लगाया जा सके कि क्या कोई अंतर्निहित परेशानी तो नहीं है।

हड्डियों में आवाज आने को क्रैकिंग या पॉपिंग भी कहा जाता है और इसे मेडिकल भाषा में क्रेपिटस के रूप में जाना जाता है। साल 2017 के एक छोटे से अध्ययन के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका में इस स्थिति से 25 प्रतिशत से 45 प्रतिशत मामले देखने को मिले। एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि जिन लोगों को उंगलियों को चटकाने की आदत होती है, उनके शरीर के अन्य जोड़ों में इस तरह की आवाज आने की संभावना भी अधिक होती है। चलिए जानते हैं इसके मुख्य कारण क्या हैं और इसे कैसे रोका जा सकता है।जोड़ों के क्रैकिंग के अलग-अलग कारण हो सकते हैं। यह सामान्य है और आमतौर पर हड्डी के स्वास्थ्य की स्थिति का संकेत नहीं है। वास्तव में इस तरह की आवाज को अभी भी पूरी तरह से समझा नहीं गया है। हालांकि इसके कई कारण हो सकते हैं। पहला- जैसे-जैसे मांसपेशियों में खिंचाव होता है, यह जोड़ों के शोर का कारण बन सकता है। दूसरा- यह उम्र बढ़ने से हो सकता है और तीसरा कारण है गठिया।

यदि आपको उंगलियों या किसी जोड़ को फोड़ने की आदत है, तो आपको ऐसा करने से बचना चाहिए। इस तरह के लोग अक्सर अपने जोड़ों, गर्दन, या पीठ को चटकाने की



कोशिश करते रहते है।फिजिकल एक्टिविटीज में बिजी रहने से इससे बचा जा सकता है। यदि आप ज्यादा बैठे रहते हैं या एक ही स्थिति में बहुत अधिक खड़े होते हैं, तो आप अकड़ सकते हैं और आपके जोड़ों में आवाज आ सकती है। घूमने के लिए बार-बार ब्रेक लें। यदि आप पूरे दिन डेस्क पर बैठते हैं तो कम से कम हर आधे घंटे में उठने का लक्ष्य रखें।

# बेहोश हुए भोले के लिए देवदूत बनी पौड़ी पुलिस

■ भोले को स्ट्रेचर के माध्यम से पैदल 4 किलोमीटर चलकर सकुशल रेस्क्यू कर पहुँचाया अस्पताल

**न्यूज वायरस नेटवर्क**

पौड़ी 31 जुलाई : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा कांवड़ मेला के दौरान पुलिसकर्मियों को दैनिक ड्यूटी करने के अलावा श्रद्धालुओं की लगातार मदद कर मानवता का फर्ज अदा करने भी हेतु भी प्रेरित किया जा रहा है इसी क्रम में नीलकंठ पैदल मार्ग पर तैनात पुलिसकर्मियों को सूचना प्राप्त हुयी कि नीलकंठ पैदल मार्ग में छपुटी फायर लाइन में एक कांवड़िया बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ है।

सूचना पर अल्प समय में पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि एक कांवडिया घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। पुलिस कर्मियों द्वारा बिना देरी किए बेहोश पड़े कांवड़िए को स्ट्रेचर के माध्यम से 04 किलोमीटर पैदल चलकर कड़ी मशक्कत कर मौनीबाबा तिराहे सड़क मार्ग तक लाया गया,जहां से उपचार हेतु 108 के माध्यम से AIIMS, ऋषिकेश भिजवाया गया है।



## नेगीदा उत्तराखंड की वैश्विक आवाज बने : तरुण

देहरादून। पूर्व राज्यसभा सांसद तरुण विजय ने नरेंद्र सिंह नेगी के हाउस ऑफ़ लॉर्ड्स लंदन में सम्मानित होने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि नेगी उत्तराखंड और हिमालयी लोक परंपराओं के गौरव हैं। वह निर्भीक राष्ट्र कवि हैं। उन्होंने कभी सत्ता के संरक्षण की परवाह नहीं की और पहाड़ की वेदना को हिमालय की दृढ़ता की तरह अभिव्यक्त किया। आज वह वैश्विक मंच पर उत्तराखंड की आवाज बन चुके हैं। तरुण विजय ने बताया कि नरेंद्र सिंह नेगी का गढ़वाली भाषा में लिखा वीर रस का पद्य उत्तराखंड युद्ध स्मारक शौर्य स्थल की शोभा बढ़ा रहा है, जो आगंतुकों को प्रेरित करता है।

## कोरोनेशन की इमरजेंसी में लगा वेंटिलेटर चोरी

देहरादून। जिला चिकित्सालय कोरोनेशन की इमरजेंसी में मरीजों के उपचार के लिए लगा वेंटिलेटर चोरी हो गया। सवाल है कि इमरजेंसी में 24 घंटे स्टाफ की तैनाती के बावजूद वारदात कैसे हो गई। तीन जुलाई की घटना में डालनवाला थाना पुलिस ने 29 जुलाई को मुकदमा दर्ज किया है। कोरोनेशन अस्पताल की नई बिल्डिंग में मैदानी तल पर इमरजेंसी संचालित होती है। इरमजेंसी में 24 घंटे स्टाफ की तैनाती है। इसके बावजूद यहां इमरजेंसी परिसर में बीते तीन जुलाई की रात एक पोर्टेबल वेंटिलेटर चोरी हो गया। दूसरे वेंटिलेटर को खोलने का प्रयास किया। वह खुल नहीं पाया। ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ को चोरी की भनक तक नहीं लगी। मामला विभागीय अफसरों तक पहुंचा तो चोरी का केस दर्ज कराने का निर्देश दिया गया। नौ जुलाई को अस्पताल के इमरजेंसी चिकित्साधिकारी डा. दीपक चंद्र गहतोड़ी ने डालनवाला थाने में तहरीर दी।

# गढ़वाल यूनिवर्सिटी में चिप वाले डिजिटल आईकार्ड अनिवार्य, फर्जी छात्रों पर कसेगी नकेल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 31 जुलाई : डिजिटलाइजेशन के और तेजी से बढ़ रहे एचएनबी की इस पहल से छात्रसंघ चुनाव के दौरान फर्जी मतदान पर रोक लगेगी और इस आईकार्ड की मदद से छात्रों की सारी अपडेट ऑनलाइन रहेगी तथा पूरे कोर्स के दौरान एक ही आईकार्ड चलेगा।

गढ़वाल विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए अब डिजिटल पहचान पत्र की व्यवस्था शुरू की जा रही है, जो लाइब्रेरी कार्ड का भी काम करेगा। इस नई व्यवस्था से छात्रसंघ चुनाव में फर्जी मतदान की संभावना समाप्त हो जाएगी और हर साल नए आई कार्ड बनाने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। इस आधुनिक आरएफआईडी कार्ड की कीमत 100 रुपये निर्धारित की गई है और इसमें क्यूआर कोड, बारकोड और एक नॉन विजिबल चिप भी लगी होगी।

हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय डिजिटल तकनीक की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ाते हुए छात्रों के आई कार्ड को अपग्रेड कर रही है। अब नए डिजिटल आई कार्ड के जरिए न सिर्फ प्रवेश की प्रक्रिया आसान होगी, बल्कि छात्रों को पूरे कोर्स के दौरान नया आई कार्ड बनाने की




जरूरत नहीं पड़ेगी और लाइब्रेरी कार्ड की भी आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। इस डिजिटल आई कार्ड को बनाने के लिए विवि ने एक पांच सदस्यीय टीम का गठन किया था, जिन्होंने इसे विकसित करने में छह महीने का समय लिया। प्रो. बीपी नैथानी ने बताया कि समर्थ पोर्टल के माध्यम से छात्रों का डेटा आई कार्ड बनाने के लिए उपयोग किया जाएगा। शुरुआती चरण में कुछ समस्याएं आ सकती हैं, लेकिन इन्हें शीघ्र ही सुलझा लिया जाएगा। नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए जैसे ही प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी, विवि में प्रवेश लेने वाले छात्रों को आरएफआईडी कार्ड जारी कर दिए जाएंगे। इसके अलावा पीजी और पीएचडी के छात्रों को इंस्टीट्यूशनल डोमेन आईडी प्रदान करने की योजना भी है। अगर कोई छात्र अपना आरएफआईडी कार्ड खो देता है, तो उसे नया कार्ड जारी करने के लिए 200 रुपये का शुल्क देना होगा। इसके साथ ही उसे अपने कार्ड के खोने की रिपोर्ट स्थानीय पुलिस स्टेशन में एफआईआर के रूप में दर्ज करानी होगी

# उत्तराखंड : अब सोमेश जोशी की चमकी किस्मत, Dream11 से रातों रात बना करोड़पति



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

चम्पावत 31 जुलाई : सोमेश ने भारत और श्रीलंका के बीच रविवार रात हुए दूसरे टी-20 क्रिकेट मैच के लिए ड्रीम इलेवन में टीम बनाई थी। टीम ने शानदार प्रदर्शन किया जिस वजह से उसकी टीम पहले नंबर पर आई और अब वह करोड़पति बन चुके हैं।काफी समय बीतने के बाद फिर से उत्तराखंड का एक और युवा करोड़पति बन गया है।

बीते आईपीएल में भी प्रदेश के कई युवा करोड़पति बन चुके हैं लेकिन कई लोग इसमें अपनी लाखों की कमाई भी डुबा चुके हैं। मिली जानकारी के मुताबिक चम्पावत जिले के पाटी विकासखंड के ग्राम ज्योस्यूड़ा निवासी सोमेश जोशी उर्फ सोनू ने भारत और श्रीलंका के बीच रविवार रात खेले गए दूसरे टी-20 क्रिकेट मैच के लिए ड्रीम इलेवन में अपनी टीम बनाई थी। सोनू की टीम ने 775.5 प्वाइंट्स के साथ पहले स्थान पर रही जिसके कारण उन्होंने ड्रीम इलेवन एप पर एक करोड़ रुपये का पुरस्कार जीता।सोमेश ने बताया कि वह फिलहाल बैंगलौर में एक कंपनी में काम कर रहे हैं और अब घर लौटने की तैयारी में हैं। 1 करोड़ रुपये में से 30 प्रतिशत जीएसटी कटने के बाद कुल 70 लाख रुपये उनके खाते में ट्रांसफर करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है और यह राशि जल्द ही उनके खाते में पहुंच जाएगी। सोनू के गाँव में इस समय लोग उसके आने का इंतज़ार कर रहे हैं और बड़ी पार्टी का आयोजन भी हो रहा है। राज्य समीक्षा की ओर से भी बधाई सोमेश।

# थायराइड को कंट्रोल करते हैं ये 5 फूड

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




ब्यूरो रिपोर्ट, 31 जुलाई, थायराइड एक ऐसी बीमारी है, जिसके लिए खराब लाइफस्टाइल भी काफी हद तक जिम्मेदार है। खराब लाइफस्टाइल और खान-पान की गलत आदतों की वजह से तमाम उम्र साथ रहने वालीं थायराइड जैसी बीमारियां अपना शिकार बना लेती हैं। यह एक ऐसी बीमारी है जिसकी चपेट में महिलाएं ज्यादा आती हैं।

थायराइड के लक्षण - इस बीमारी की चपेट में आने के बाद महिलाओं की बॉडी में कई तरह के लक्षण दिखने लगते हैं, जैसे- अत्यधिक थकान, बालों का झड़ना, टाइम से पीरियड न आना, टेंशन आदि। इसके अलावा पसीने से तर रहना, बार-बार भूख लगना भी थायराइड के संकेत हैं।

थायराइड क्या है - थायराइड गले में स्थित एक ग्रंथि है। यह तितली के आकार का एक ग्लैंड होता है जो सांस की नली के ऊपर होता है। थायराइड ग्लैंड थ्योरिकसिन नाम का हार्मोन बनाता है। ये हार्मोन शरीर के मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है और बॉडी में सेल्स को कंट्रोल करता है।

थायराइड की परेशानी बॉडी में आयोडीन की कमी के कारण होती है। डाउन टू अर्थ की रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में चार करोड़ लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं। थायराइड ग्रंथि पर्याप्त मात्रा में हार्मोन का निर्माण नहीं कर पाती जिसकी वजह से बॉडी में कई तरह की परेशानियां पैदा होने लगती है। थायराइड से बचना चाहते हैं तो इस बीमारी के लक्षणों को समझे और डाइट में कुछ हेल्दी फूड्स को शामिल करें।

थायराइड को कंट्रोल करने के आसान तरीके -

अलसी के बीजों का करें सेवनः अलसी में कैलोरी, सोडियम , पोटेशियम, कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, कैल्शियम के साथ ही ओमेगा 3 फैटी एसिड भी मौजूद होता है जो थायराइड को कंट्रोल करता है, साथ ही वज़न भी बढ़ने नहीं देता।नारियल भी करेगा थायराइड कंट्रोलः थायराइड के मरीज़ नारियल का सेवन करें मेटाबॉलिज्म बूस्ट रहेगा, साथ ही थायराइड की परेशानी से निजात भी मिलेगी। नारियल का इस्तेमाल आप कच्चा, नारियल का तेल, चटनी और लड्डू बनाकर कर सकते हैं।

मुलेठी भी है असरदारः मुलेठी में ट्रीटरपेनोइड ग्लाइसेरीथेनिक एसिड मौजूद होता है जो थायराइड कैंसर की कोशिकाओं को खत्म करता है, साथ ही इसपर कंट्रोल भी करता है।


मशरूम का करें सेवनःविटामिन्स और मिनरल्स से भरपूर मशरूम थायराइड के मरीज़ों के लिए, बेहद उपयोगी है। मशरूम वज़न को कंट्रोल करने के साथ ही थायराइड भी कंट्रोल करता है।

हल्दी का दूध भी असरदारः औषधीय गुणों से भरपूर हल्दी थायराइड के मरीज़ों के लिए बेहद असरदार है। हल्दी के साथ दूध का सेवन करने से थायराइड कंट्रोल रहेगा, साथ ही कई बीमारियों का उपचार भी होगा। रोजाना सोने से पहले एक गिलास दूध में हल्दी डालकर जरूर पिएं।

धनिया थायराइड करेगा कंट्रोलः धनिया में विटामिन सी, विटामिन के और प्रोटीन भरपूर होता है। रोजाना एक गिलास पानी में 2 चम्मच साबुत धनिया डालकर रातभर के लिए भिगो दें। सुबह इस धनिया को पानी समेत पांच मिनट के लिए उबालें और फिर छानकर इसका सेवन करें आपको फायदा पहुंचेगा।

# गोल्डन ब्लड ग्रुप क्यों है दुर्लभ ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




ब्यूरो रिपोर्ट , 31 जुलाई , आज हम आपको एक दिलचस्प जानकारी दे रहे हैं। आम तौर पर ओ पॉजिटिव ब्लड ग्रुप को यूनिवर्सल माना जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं ऐसा नहीं है क्योंकि एक ऐसा ब्लड ग्रुप भी है जिसके बारे में कम लोग जानते हैं क्योंकि ये काफी कम लोगों में पाया जाता है। जिस वजह से इसे गोल्डन ब्लड का नाम दिया गया है। है न हैरानी भरा सच तो जानिए इसके बारे में -

क्या होता है ये गोल्डन ब्लड?

इस ब्लड ग्रुप का असली नाम है आरएच नल। रेयरेस्ट होने की वजह से रिसर्च कर रहे साइंटिस्ट ने इसे गोल्डन ब्लड नाम दिया है। यह खून बहुत ही उपयोगी होता है क्योंकि आवश्यकता पड़ने पर यह किसी भी ब्लड ग्रुप के काम आ सकता है। यह उन्हीं लोगों के शरीर में पाया जाता है जिनका आरएच फैक्टर शून्य होता है यानी आरएच नल।

आखिर क्या होता है आरएच फैक्टर?

आरएच फैक्टर लाल रक्त कोशिकाओं की सतह पर पाया जाने वाला एक खास तरह का प्रोटीन है।अगर यह प्रोटीन आरबीसी (रेड ब्लड कॉर्पसल्स) में मौजूद है तो ब्लड आरएच पॉजिटिव हो जाता है। वहीं अगर ये प्रोटीन मौजूद नहीं तो ब्लड आरएच निगेटिव हो जाता है। इस प्रोटीन को आरएच एंटीजन भी कहते हैं लेकिन, गोल्डन ब्लड वाले लोगों में आरएच फैक्टर न ही पॉजिटिव होता है और न ही निगेटिव, वो आरएच नल होता है।

यूनिवर्सल डोनर होते हैं

बिगथिंक की एक रिसर्च के अनुसार साल 2018 तक यह खास ब्लड सिर्फ 43 लोगों में मौजूद था।जिसमें ब्राज़ील, कोलंबिया, जापान, आयरलैंड और यूएस के लोग शामिल हैं।

# उँगलियां भी बोलती हैं ! पढ़िए उनकी भाषा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




ब्यूरो रिपोर्ट , 31 जुलाई ,उंगलियां सिर्फ चलती ही नहीं बोलती भी है। जिन उंगलियों और हथेली की खूबसूरती के लिए आप लाख जतन करते हैं उन्हीं उँगलियों में छिपी है आपकी किस्मत .... जिस प्रकार ज्योतिष शास्त्र में किसी व्यक्ति की जन्मकुंडली को देखकर उसके व्यक्तित्व और भविष्य के बारे में बताया जाता है। ठीक उसी प्रकार सामुद्रिक शास्त्र में शरीर के अंगों की बनावट को देखकर व्यक्ति के भविष्य के बारे में आकलन किया जाता है। सामुद्रिक शास्त्र के द्वारा व्यक्ति के अंगों की बनावट, तिल और निशान आदि को देखकर उसे आने वाले जीवन, व्यापार और धन संबंधित मामलों के बारे में जाना जाता है।

उंगलियों की बनावट किसी भी व्यक्ति के स्वभाव के बारे में बहुत कुछ बताती हैं। इसी कड़ी में आज हम बात करेंगे अनामिका उंगली यानी रिंग फिंगर की बनावट के बारे में। महविश फ़िरोज़ आपको बता रही हैं कि आपकी नामिका उंगली की बनवाट आपके स्वभाव के बारे में क्या कहती है....

लंबी अनामिका उंगली

सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार जिन लोगों की अनामिका उंगली तर्जनी से लंबी होती है ऐसे लोगों की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी होती हैं। इन लोगों के जीवन में कभी भी धन की कमी नहीं होती है। ये लोग प्रशासनिक पोस्ट पर होते हैं। ऐसे लोग जॉब के साथ बिजनेस करने के भी शौकीन होते हैं और खूब शोहरत कमाते हैं।

छोटी अनामिका उंगली

सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार, जिन लोगों की अनामिका उंगली की लंबाई कम यानी छोटी होती है, ऐसे लोगों के जीवन में उम्र बढ़ने के साथ ही धन की बढ़ोत्तरी होती जाती है। ऐसे लोगों के पास शुरुआती उम्र में तो धन कम रहता है, लेकिन बाद में इनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो जाती है।

पतली अनामिका उंगली

जिन लोगों की अनामिका उंगली पतली होती है, ऐसे लोग जीवन खूब नाम और शौहरत पाते हैं। कहा जाता है कि इन लोगों को महंगी चीजें खरीदने का शौक होता है। हालांकि ऐसे लोग दानी भी होते हैं। इसके अलावा ऐसे लोग अपनी लव लाइफ में बेहद वफादार होते हैं।

मोटी अनामिका उंगली

सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार, जिन लोगों की अनामिका उंगली की मोटाई अधिक होती है ऐसे लोगों को जीवन में काफी देर से धन की प्राप्ति होती है। इन लोगों को धन के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ता है। साथ ही ऐसे लोग धन को संचय भी नहीं कर पाते हैं

## संक्षिप्त खबरें

### ड्रोन से निगरानी

रुड़की। पुलिस ने सुरक्षा और शांति व्यवस्था के अलावा कांवड़ यात्रा की निगरानी ड्रोन से की है। रुड़की कोतवाली इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि नगला इमरती बाईपास, सिविल लाइंस क्षेत्र में अन्य जगहों पर कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर कांवड़ यात्रा में सुरक्षा शांति और व्यवस्थाएं देखने के लिए ड्रोन से निगरानी की गई है। सभी जगह स्थिति सामान्य मिली है। उन्होंने बताया कि अब डाक कांवड़ शुरू हो गई है।

### सांसद ने एडवोकेट बृजेश को बनाया प्रतिनिधि

रुड़की। एडवोकेट बृजेश गुप्ता को हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत की ओर से हरिद्वार का जिला चिकित्सा प्रबंधन समिति में सांसद प्रतिनिधि बनाया है। जिसको लेकर एक स्वागत कार्यक्रम भाजपा डाटा प्रबंधन के प्रदेश संयोजक मयंक गुप्ता के आवास पर रखा गया। जहां बृजेश गुप्ता को सम्मानित किया गया। इस दौरान पवन तोमर, संजीव तोमर, योगेश त्यागी, नमन सचदेवा, संजय प्रजापति, मनोज मेहरा, पंकज नंदा, पूजा नंदा, रोमा सैनी, सनी नारंग, मनोज मेहरा, विक्रम गर्ग, आदित्य रोड, मनी नारंग और अवनीश त्यागी आदि मौजूद रहे।

### बिजली चोरी में चार के खिलाफ केस दर्ज

रुड़की। ऊर्जा निगम की देहरादून विजिलेंस टीम ने मंगलवार को बहादरपुर खादर गांव में छापा मारकर मुराद अली पुत्र कदम हुसैन, मुर्सलीन पुत्र अख्तर, शमीम पुत्र तालिब और नसीम पुत्र अहमद हसन के घर में बिजली चोरी पकड़ी है। जेई संदीप कुमार ने चारों के खिलाफ लक्सर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी के खिलाफ क्षेत्र में लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### 31 जुलाई से दिल्ली में आंदोलन करेगा जप तप संगठन

रुड़की। जप तप संगठन ने कस्बे में एक बैठक का आयोजन किया। बैठक में संगठन के जिला अध्यक्ष यशमोद सिंह ने कहा कि चीट फंड कंपनियों द्वारा हजारों लोगों के करोड़ों रुपये ठगे हैं। 31 जुलाई से दिल्ली में उनके खिलाफ आंदोलन शुरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 2014 में तीन लाख से अधिक चिटफंड कंपनियां और सोसाइटीज पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ताला लगवाया था लेकिन इन कंपनियों में जिन लोगों ने निवेश किया था उन्हें अभी तक एक पैसा भी नहीं मिल पाया है। 2019 में संसद में एक कानून पास किया गया था जो अभी तक भी क्रियान्वित नहीं हो पाया है। सरकार से कई बार मांग के बाद भी पैसा वापस नहीं मिल पाया है। 31 जुलाई से निवेश करने वाले लोगों द्वारा आंदोलन शुरू किया जा रहा है। जिसमें जप तप संगठन के सैकड़ों लोग आंदोलन में हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर जिला संयोजक संदीप कुमार, ऋषिपाल, अफसरी, रविंद्र कुमार, जोगिंदर, मुकेश कुमार, नूर जहां, शशि बाला, महेश कुमार, बृजेश, बिरला सिंह, तनवीर जमशेद, विपिन लखन, सचिन उपस्थित रहे।

### नदी में डूबे युवक का दूसरे दिन भी नहीं लगा सुराग

रुड़की। सोलानी नदी में डूबे युवक को लेकर एसडीआरएफ की टीम ने मंगलवार को दूसरे दिन भी रेस्क्यू अभियान चलाया। कई घंटे के बाद भी युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया।

शिकारपुर निवासी साजिद सोमवार तड़के जौरासी के पास सोलानी नदी से रेत लेने गया था। इसी दौरान बैल बुग्गी नदी में गिर जाने से युवक पानी में डूब कर लापता हो गया था। एसडीआरएफ की टीम ने युवक को तलाशने के लिए काफी प्रयास किया था। कई घंटों के प्रयास के बाद पानी में डूबी बुग्गी तो मिल गई थी लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया था। मंगलवार को दूसरे दिन भी एसडीआरएफ की टीम ने दूसरे दिन भी रेस्क्यू किया। लेकिन घंटो की तलाश के बाद भी युवक का कोई अतापता नहीं चल पाया।

### मदरसे का छात्र लापता

रुड़की। मदरसे का छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर छात्र की तलाश शुरू कर दी है। गंगनहर कोतवाली को साजिद निवासी तेलीवाला ने तहरीर देकर बताया कि 11 वर्षीय पुत्र हसन पनियाला के मदरसे में पढ़ने जाता है। 28 जुलाई को सुबह सात बजे के आसपास पुत्र मदरसे से पढ़कर घर के लिए चला था। लेकिन वह घर नहीं लौटा। परिवार के लोगों ने पुत्र की अपने स्तर से काफी खोजबीन की। लेकिन पुत्र के बारे में कुछ पता नहीं चल पाया। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर लापता छात्र की तलाश शुरू कर दी है।

### दो बाइकों की टक्कर में एक युवक घायल

रुड़की। रुड़की मेहवड़ के बीच दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक घायल हो गया। घायल को आसपास के लोगों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। मंगलवार को सलीम और महबूब निवासी रहीमपुर रुड़की से अपने घर वापस जा रहे थे। वह रुड़की महेवड़ के बीच पहुंचे तो सामने से आ रहे बाइक सवार ने ट्रैक्टर ट्राली को ओवरटेक कर उन्हें टक्कर मार दी।

# गुमराह करके शादी करने वाले सावधान !

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 31 जुलाई , उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को लव जिहाद का बिल पास हो गया। इसके लिए उम्र कैद की सजा का प्रावधान किया गया है। अब यूपी में जबरन धर्मांतरण करने वाले आरोपी को उम्र कैद की सजा होगी। इसके साथ ही इस मामले में बेल मिलने में भी तमाम शर्तें लगाई गई हैं।

सोमवार को पेश किया गया था बिल

योगी सरकार ने विधानसभा में उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध (संशोधन) विधेयक को पास कर दिया है। अब प्रदेश में अगर कोई व्यक्ति गुमराह करके शादी करता है और बाद में धर्मपरिवर्तन करवाता है तो उसके खिलाफ उम्र कैद की सजा सुनाई जाएगी। इसके साथ ही इस कानून में कई अपराधों की सजा को दोगुनी कर दी गई है। इस विधेयक को सोमवार को विधानसभा में योगी सरकार ने पेश किया था। वहीं इस कानून में कई नए अपराध को शामिल किया गया है।

कानून में ये प्रावधान

मंगलवार को लव जिहाद मामले को लेकर विधानसभा में बिल को पास करा लिया गया है। पास बिल के बाद अगर कोई व्यक्ति लव जिहाद करता है तो उसको 20 साल की जगह या उम्र कैद की सजा का सुनाई जाएगी। लव जिहाद के पहले कानून में पीड़िता के साथ माता-पिता और उसके परिजनों की मौजूदगी जरूरी थी, लेकिन अब कोई भी लव जिहाद की शिकायत दर्ज करवा सकता है। वहीं, लव जिहाद में सत्र न्यायालय से नीचे की अदालत सुनवाई नहीं कर सकती है। इसके अलावा इस कानून के तहत अपराध गैर जमानती हैं।



## दून में एक अगस्त से धरना देंगे राज्य आंदोलनकारी

देहरादून। राज्य आंदोलनकारियों ने एक अगस्त से देहरादून में धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। उन्होंने लंबित मांगों पर प्रदेश सरकार पर झूठे आश्वासनों का आरोप लगाया है। राज्य आंदोलनकारी मंच की संयोजक क्रांति कुकरेती ने मंगलवार जारी बयान में कहा कि हाल ही में हुई मंच की बैठक में आंदोलन का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारी 10 वर्षों से अदालती लड़ाइयों, धरना-प्रदर्शन, झूठे आश्वासनों से तंग आ चुके हैं। राज्य आंदोलनकारियों को सरकारी नौकरियों में 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण, चिन्हीकरण, समान पेंशन की मांग लंबे समय से कर रहे हैं। गत 30 जून को उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री से वार्ता की थी। सीएम ने तीन दिन में मांगों के पर कार्यवाही का आश्वासन दिया था, मगर एक माह होने के बाद भी हालात जस के तस हैं। दूसरी तरफ सरकार लगातार नई भर्तियों की विज्ञप्ति जारी कर रही है, जबकि आंदोलनकारियों को छला जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुष्कर सिंह धामी के सीएम बनने के बाद उनका मामला कुछ आगे बढ़ा था, लेकिन वो राजभवन में जाकर लटक गया। कहा कि अन्य विधेयक तो राजभवन से अनुमोदित करवा लिए गए, लेकिन राज्य आंदोलनकारियों को प्रतीक्षा सूची में डाल दिया गया है। लिहाजा, एक अगस्त से देहरादून शहीद स्मारक पर धरना दिया जाएगा।

## मित्रा फाउंडेशन ने गांधी पार्क में पौधे रोपे

देहरादून। मित्रा फाउंडेशन ने मंगलवार को मित्रता दिवस के मौके पर गांधी पार्क में पौधे रोपे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित होकर यहां जामुन, आंवला, अमरूद सहित छायादार पौधे रोपे। राजपुर रोड विधायक खजान दास, निवर्तमान मेयर उनियाल गामा, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशोक वर्मा, मित्रा फाउंडेशन की अध्यक्ष रितु मित्रा, निवर्तमान पार्षद देवेंद्र पाल सिंह मोंटी, संतोख सिंह नागपाल, मुकेश रतूड़ी, पंजाबी महासभा की नलनी तनेजा, शानू सभरवाल, सुनील वर्मा, अजय जोशी पौधे रोपने में शामिल रहे।

## कांग्रेसी यात्रा की कमान मुस्लिम आरक्षण के पैरोकार व नशा तस्करों के हाथ : चौहान

देहरादून। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि राजनीतिक महत्वाकांक्षा और घोर सनातन विरोध के चलते कांग्रेस चार धाम क्षेत्र को नशे के दलदल में झोंकने की साजिश रच रही है। मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए चौहान ने कहा कि कांग्रेस चुनावी अवसर को भुनाने के लिए हर हथकंडे आजमाते हुए सभी हदें पार कर रही है। उन्होंने कहा कि सहसपुर में नशा तस्करी में जेल गए एक व्यक्ति को केदार की भूमि उखीमठ का ब्लॉक अध्यक्ष बना दिया गया है। इस नियुक्ति के जरिए कांग्रेस क्षेत्र के युवा और महिलाओं को क्या संदेश देना चाहती है समझा जा सकता है। चौहान ने कहा कि कांग्रेस के ही कार्यकर्ता और मुस्लिम आरक्षण की मांग करने वाले भी यात्रा का प्रमुख चेहरा बने हुए हैं। चौहान ने आरोप लगाया कि यह संयोग है या उसकी तुष्टिकरण का फल कि यात्रा में भोजन आदि का प्रबंधन भी जानबूझकर एक पूर्व राज्य मंत्री को दिया गया है। चौहान के कहा कि जब पार्टी के बड़े नेता इस सनातन विरोधी यात्रा से कन्नी काट चुके हैं तो ऐसे में तुष्टिकरण के लिए ऐसे लोगों को यात्रा में शामिल किया गया है।

## आयोग की सुनवाई में न आने पर नौ अफसर तलब

देहरादून। अल्पसंख्यक आयोग की सुनवाई में नहीं आने पर पुलिस, प्रशासन समेत कई विभागों के नौ अफसरों को तलब किया गया है और तीन दिन में जवाब भी मांगा है। हरिद्वार के सलेमपुर प्रकरण में मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। मंगलवार को भगत सिंह कॉलोनी में आयोग के उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब, सदस्य परमिंदर सिंह, मो. तस्लीम, सचिव जेएस रावत, शमा प्रवीन ने सुनवाई की। 33 मामलों में सुनवाई हुई और सात को मौके पर निस्तारित किया गया। आयोग उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब ने अफसरों के न पहुंचने पर नाराजगी जताई और नोटिस जारी कर तीन दिन में रिपोर्ट के साथ तलब किया गया।

## महिलाओं को छाते वितरित किए

देहरादून। ऑल इंडियन कांग्रेस संगठन की ओर से मंगलवार को भारुवाला ग्रांट स्थित मानव केंद्र में महिला ब्लॉक और वार्ड अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई। इसमें महिलाओं को छाते भेंट किए गए। इस मौके पर मुख्य अतिथि लालचंद शर्मा ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में मुकाम हासिल कर रही हैं, वह समाज को सशक्त करने में जुटी हैं। विशिष्ट अतिथि मानव केंद्र के प्रबंधक धीरज शर्मा ने महिलाओं की सक्रियता पर खुशी जताई। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पीयूष गौड़ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में रायपुर ब्लॉक अध्यक्ष कुसुम देवी, उपाध्यक्ष मीना राय, महिला वार्ड अध्यक्ष बीना देवी, वार्ड अध्यक्ष सुरेंद्र थापा, डंबर राय, विलियम, भूपेंद्र धीमान, सुदामा सिंह, डीएस छेत्री, मन बहादुर राणा, रवि विश्वास राय, दीपिका, रूबी देवी, लक्ष्मी, अनीता, रेखा देवी, कमल, सावित्री, पार्वती अन्य मौजूद रहे।

## सीएम आवास कूच कर रहे बेरोजगारों को पुलिस ने रोका, हंगामा

देहरादून। अपनी मांगों को लेकर सीएम आवास कूच करने वाले बेरोजगारों को पुलिस ने अभिषेक टावर के पास ही बैरिकेडिंग लगाकर रोक लिया। जिस पर बेरोजगारों ने वहां जमकर हंगामा किया और वहीं धरने पर बैठ गए। बाद में प्रतिनिधिमंडल को सीएम के प्रतिनिधि से मिलवाया गया। मांगों पर विचार को आश्वासन मिलने के बाद बेरोजगारों ने धरना खत्म किया। सुबह बड़ी संख्या में बेरोजगार उत्तराखंड बेरोजगार संघ के बैनर तले परेड ग्राउंड में जमा हुए। वहां से वे कूच करते हुए सीएम आवास की ओर निकले। लेकिन पुलिस ने अभिषेक टावर पर दोनों ओर बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें वहीं रोक लिया। बेरोजगारों ने सीएम आवास जाने की अनुमति मांगी लेकिन पुलिस ने उन्हें अनुमति नहीं दी। जिस पर वहां हंगामा होने लगा। बाद में बेरोजगार वहीं धरने पर बैठ गए। संघ के उपाध्यक्ष राम कंडवाल ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री आवास कूच की सूचना 8 दिन पहले सिटी मजिस्ट्रेट और ट्रैफिक पुलिस को दे दी थी। लेकिन फिर भी उन्हें परेड ग्राउंड से 200 मीटर के भीतर रोक लिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस या अन्य दलों को मुख्यमंत्री कूच की अनुमति दे दी जाती है, लेकिन उत्तराखंड के बेरोजगारों को मुख्यमंत्री से मिलने तक नहीं दिया गया। वहां धरने पर बैठने वालों में संघ के सचिव नितिन दत्त, प्रदेश संयोजक जेपी ध्यानी, सह संयोजक सुशील कैंथुरा, विशाल चौहान, रमेश तोमर, संजय, जसपाल और सचिन सहित कई बेरोजगार शामिल थे।

## रणबीर मामले में बड़े आंदोलन की तैयारी

देहरादून। उत्तराखंड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद् ने न्यायिक अभिरक्षा में मरे रणबीर सिंह के दोषियों को सख्त सजा देने की मांग की है। परिषद ने कहा कि मामले में सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

परिषद ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि मामला गंभीर है, बावजूद इसके सरकार ने इसका संज्ञान नहीं लिया है। उत्तराखंड में नियम कानून सख्त होने चाहिए। सख्त भू-कानून और मूल निवास प्रदेश में जल्द से जल्द लागू किया जाना चाहिए। परिषद के प्रवक्ता चिंतन सकलानी ने कहा कि रणबीर मामले परिषद बड़ा आंदोलन करने की तैयारी में है। आंदोलन को विभिन्न संगठनों के नवनीत सिंह गुसाईं, प्रमिला रावत, आनंद आकाश, निशा मस्ताना, जगमोहन रावत, बलेश बवानिया, अमित परमार, दुर्गा ध्यानी, पुष्प लता ने समर्थन दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### औद्योगिक क्षेत्र की सड़क आखिर कब बनेगी

रुड़की। सलेमपुर राजपूताना ओद्यौगिक क्षेत्र की मुख्य सड़क लंबे समय से खस्ताहाल है। बारिश होने के साथ ही जगह जगह गड्ढों में जलभराव हो जाता है। जिसके चलते उद्यमियों के साथ ही कॉमर्शियल वाहनों की आवाजाही में दिक्कतें होती हैं। रुड़की स्मॉल स्केल इंडस्ट्री एसोसिएशन ने इस संबंध में अब मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। ताकि इस समस्या का समाधान किया जा सके रुड़की स्मॉल स्केल इंडस्ट्री एसोसिएशन के चेयरमैन केतन भारद्वाज ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में देव धर्म कांटा से होकर बाग तक और बाग से आरम्भ होकर पेट्रोल पम्प की ओर निकलने वाली मुख्य सड़क लंबे समय से टूटी हुई है। जिससे उद्योगों को बहुत ही समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र की यह मुख्य सड़क जिस पर पूरे औद्योगिक क्षेत्र की आवागमन का भार है उसकी हालत ठीक नहीं है। बरसात होने के बाद स्थिति और खराब हो जाती है। उन्होंने बताया कि इस सड़क को बनवाने की मांग संबंधित विभाग के साथ ही जनप्रतिनिधि को कई बार की जा चुकी है। लेकिन समाधान आजतक नहीं हो सका। बताया कि अगले माह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ उद्योग मित्र की बैठक है। बैठक में उद्यमियों की समस्याओं को प्रमुखता के साथ रखा जाएगा। जिसमें इस सड़क की बदहाली प्रमुख समस्याओं में से एक है। जल निकासी पर भी चर्चा होगी।

### निजी क्लीनिक में इलाज कराने को बना रहे दबाव

रुड़की। सिविल अस्पताल में आजकल समाज सेवा के नाम पर कुछ महिलाएं गर्भवती महिलाओं को अपने झांसे में लेते हुए निजी क्लिनिक और नर्सिंग होम में डिलीवरी कराने का सुझाव दे रही हैं। गर्भवती महिला के साथ आए परिजनों को भी तमाम तरह का लालच दिया जा रहा है। परिसर में मौजूद इन महिलाओं के पास बकायदा विजिटिंग कार्ड भी है। इस पर लिखा है कि वह समाज सेवा करती हैं। अस्पताल के सीएमएस डॉ. संजय कंसल ने कहा कि उनके पास इस तरह की कोई लिखित में शिकायत नहीं आई है। हालांकि संदिग्धों पर नजर है। कहा कि सिविल अस्पताल में गर्भवती महिलाओं को बेहतर उपचार दिया जाता है।

### चाचा-भतीजे ने विवाहिता से धोखाधड़ी कर लाखों ठगे

रुड़की। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला की पुत्री के सहपाठी ने अपने चाचा के साथ मिलीभगत कर महिला से लाखों रुपये ठग लिए। पुलिस ने अब तहरीर के आधार पर चाचा भतीजे के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गंगनहर कोतवाली को क्षेत्र निवासी विवाहिता ने बताया कि पति कोटद्वार में है। उसकी पुत्री पॉलिटेक्निक कॉलेज में पढ़ती है। उसके सहपाठी संदीप कुमार मौर्य घर पर आने जाने लगा था। इस बीच संदीप ने वर्ष 2020 में बताया कि एक प्लॉट की गवाही के लिए कुछ जगह उनके हस्ताक्षर कर कागजात तैयार कराने हैं और लिखापढ़ी के लिए करीब 18 लाख रुपये लिए थे। इसके बाद पुत्री के शादी विवाह के लिए रिश्तेदारों से उधार लिए करीब 80 लाख रुपये जेवरात सहित संदीप ने अपने पास रख लिए थे। कहा था की पुत्री का जब विवाह होगा तो वह सारे जेवरात और कैश को लौटा देगा। आरोप है कि कुछ समय बाद पुत्री का रिश्ता तय हो गया। विवाह की तैयारी शुरू होने लगी तो संदीप से उधार में दिए गए पैसे और जेवरात मांगे। उसने लौटाने से साफ मना कर दिया। मामला बढ़ने पर संदीप अपने चाचा तेजपाल को भी लेकर आया। इसके बाद दोनों पक्षों में पंचायत भी हुई थी। आरोप है कि संदीप ने अपने चाचा तेजपाल के साथ मिलकर धोखाधड़ी कर प्लॉट और संपत्ति अपने नाम करा लिए थे।

### चोरों ने तोड़े सरकारी पशु अस्पताल के ताले

रुड़की। बीती रात चोरों ने लक्सर राजकीय पशु चिकित्सालय के ताले तोड़कर चोरी करने की कोशिश की। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार शाम वे अस्पताल को ताला लगाकर कर गए थे। मंगलवार सुबह 8 बजे पहुंचे तो अस्पताल के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। चोरों ने भीतर दोनों कमरों के भी ताले तोड़े थे, परंतु वहां चोरी करने लायक कोई सामान नहीं था। पशु चिकित्साधिकारी की सूचना पर कस्बा चौकी की पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है।

### डीजे संचालक के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

रुड़की। डीजे के साथ कांवड़ लेकर जा रहे लोगों के बीच आपस में झगड़ा हो गया। इसमें जमकर लाठी डंडे चले और तीन लोग गंभीर रूप से घायल बताए गए हैं। पुलिस ने मंगलवार को तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है हिंडन विहार गाजियाबाद उत्तर प्रदेश निवासी महंत मछेंद्रपुरी ने पुलिस को तहरीर दी कि वह और उसके शिष्य हरिद्वार से गंगाजल लेकर डीजे कांवड़ के साथ लौट रहे थे। 28 जुलाई की देर शाम जब वह कोतवाली क्षेत्र के शुगर मिल के आसपास पहुंचे तभी डीजे संचालक से किसी बात को लेकर उनकी कहासुनी हो गई। आरोप है कि डीजे संचालक ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर लाठी डंडों और अन्य हथियारों से महंत और उसके शिष्यों पर हमला कर दिया। इसमें महंत के सिर में चोट आई और उसके शिष्य हार्दिक पुरी, चिराग को गंभीर चोटें आई हैं।

# पाकिस्तान की वो ट्रेन, जिसका देश से भी पुराना है इतिहास

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





ब्यूरो रिपोर्ट 31 जुलाई : पाकिस्तान में गरीबी और बेरोजगारी का आलम ये है कि इस देश के संसाधन और इंफ्रास्ट्रक्चर भी घिसे-पिटे हो चुके हैं. जिन पुरानी चीजों पर ये देश गर्व करता है, वो असल में इस देश के अस्तित्व में आने से भी पहले के हैं, जो असल में हमारे ही देश के हैं. अब ट्रेन को ही ले लीजिए. पाकिस्तान में एक ट्रेन 100 साल पुरानी है जो आज भी चलती है. हाल ही में एक पाकिस्तान फोटो क्रिएटर ने इस ट्रेन में यात्रा की और लोगों को भी दिखाया कि आखिर इसमें यात्रा करना क्यों खास है. पर भारतीयों ने पाकिस्तानी व्लॉगर को आइना दिखा दिया और बताया कि ये सब भारत की ही देन है।

हाल ही में ही में अपने इंस्टाग्राम पर पाकिस्तान की सबसे पुरानी ट्रेन खैबर मेल का फोटो पोस्ट किया है. फोटो के साथ शख्स ने बताया कि पाकिस्तान की सबसे पुरानी और सबसे इकोनॉमिकल ट्रेन है. ये ट्रेन 1920 से चल रही है. शख्स ने बताया कि 1920 में इस ट्रेन में लोग कोलकाता से पेशावर तक यात्रा करते थे. आजादी के बाद ट्रेन अब कराची से पेशावर तक चलती है। ट्रेन हर स्टेशन पर रुकती है और बाहर से साधारण है, मगर अंदर से काफी साफ-सुथरी है. इसमें एसी कोच भी हैं और कैंटीन भी है, जिसमें खाना अच्छा और सस्ता मिलता है. जनरल कोच में भीड़भाड़ नजर आ रही है, लोग चादर लगाकर पर्दे बनाते दिखाई दे रहे हैं. शख्स ने खुद ही लिखा कि इकोनॉमिक क्लास की कंडीशन बहुत खराब थी, हालांकि, बिजनेस क्लास बढ़िया है, एसी अच्छे से चल रहा था और कैबिन भी साफ सुथरा था. उसने बताया कि 4000 पाकिस्तानी रुपये में इस ट्रेन से कराची से पेशावर तक जाया जा सकता है. भारतीय रुपये के हिसाब से ये किराया 1202 रुपये होता है।

## संपादकीय

# राहुल का नया चक्रव्यूह

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बजट पर बोलना था, लेकिन उन्होंने महाभारत कालीन चक्रव्यूह का नया रूपक ही गढ़ दिया। हजारों साल पुराने चक्रव्यूह में अभिमन्यु को घेर कर मार दिया गया था। उसका नियंत्रण द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, कर्ण, कृतवर्मा, अश्वत्थामा और शकुनि के हाथों में था। आज का चक्रव्यूह भी प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, सरसंघचालक मोहन भागवत, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल आदि छह हाथों में है। दो शेष नाम देश के बड़े उद्योगपतियों के हैं, जिनका नाम सदन में नहीं लिया जा सकता था। स्पीकर ओम बिरला ने भी नियमों का हवाला दिया, लेकिन राहुल गांधी उनका एक बार नाम ले चुके थे। फिर उन्हें ए-1, ए-2 नामकरण दिया। राहुल गांधी ने यह रूपक क्यों गढ़ा? क्या आज का चक्रव्यूह भी किसी को हताहत करने को रचा गया है? संसद में ऐसी हिंसकवादी राजनीति के कोई मायने नहीं हैं, लिहाजा स्पीकर नेता प्रतिपक्ष को बार-बार सलाह देते रहे कि एक बार और सदन के नियमों को नेता प्रतिपक्ष पढ़ लें। जाहिर है कि राहुल गांधी बार-बार नियमों का उल्लंघन करते रहे हैं। बहरहाल नए चक्रव्यूह के संदर्भ में जवाब राहुल ही देंगे, लेकिन उनकी राजनीति समझ में जरूर आती है कि 2024 के आम चुनाव की तरह वह अब भी एक नेरेटिव देश में फैलाना चाहते हैं। वह नेरेटिव भाजपा के हिंदुत्व और सवर्णवाद की काट साबित हो सकता है, ऐसी राहुल गांधी की उम्मीद है। उनकी राजनीति जातीय जनगणना की है, जबकि कांग्रेस में उनके पुरखे ऐसे जातिवाद के खिलाफ थे और ऐसी जनगणना को कभी भी लागू नहीं किया। कांग्रेस की विरासत ही कांग्रेस के विपरीत है। राहुल गांधी का फोकस पिछड़े, दलित, आदिवासी पर ज्यादा है। उन्होंने अपने 46 मिनट के भाषण का सारांश यह रखा कि गरीब, पिछड़े, दलित, युवा, किसान समेत पूरा देश भय के चक्रव्यूह में है। अग्निवीरों को भी चक्रव्यूह में फंसाया गया है। प्रधानमंत्री जिस कमल के फूल (भाजपा का चुनाव चिह्न) को लहराते रहते हैं, उसी के आकार वाला चक्रव्यूह है। यहां नेता प्रतिपक्ष ने अपनी सियासत के मुताबिक हिंदू धर्म का अपमान किया है। भाजपा ने यूं पलटवार करते हुए कहा है कि जिस फूल को ब्रह्मा जी, देवी लक्ष्मी, देवी सरस्वती ने अपना आसन बनाया, पवित्रता के प्रतीक उसी फूल को राहुल गांधी ने 'हिंसक' करार दिया। यह धार्मिक अपमान राहुल की राजनीति के मुताबिक है। नेता प्रतिपक्ष ने बजट पर संभवतः 2.5 फीसदी ही बोला। सिर्फ शिक्षा का आवंटन ही उन्हें याद रहा। बजट की 'हलवा सेरेमनी' में भी उन्होंने जातिवाद को घुसेड़ कर कहा कि जो 20 अधिकारी देश का बजट तैयार करते हैं, उनमें कोई भी ओबीसी, दलित या आदिवासी अफसर नहीं है, जबकि इन समुदायों की आबादी देश की 73 फीसदी है। सिर्फ 2-3 फीसदी लोग ही 'हलवा' बनाते हैं, वे ही बांटते हैं और वे ही खा जाते हैं। देश की 73 फीसदी आबादी को 'हलवा' नहीं मिल रहा है। राहुल का कथन देश के संसाधनों और शक्तियों की व्याख्या कर रहा है। उनका जातिवाद भी इसी आधार पर टिका है कि जो देश में बहुसंख्यक हैं, वे ही वंचित और विपन्न हैं।

दैनिक न्यूज़ वायरस
संपादक : मौ.सलीम सैफी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। फ़ोन : 0135-4066790, 2672002
RNI No. : UTTHIN/2012/44094 Cert. Ser. No. : 31406 E-mail : dainiknewsvirus@gmail.com
Website : www.newsvirusnetwork.com YouTube : TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# स्वच्छता शुल्क नहीं मिलने से ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था ठप

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के कई गांव में सफाई अभियान चलाना प्रधानों के लिए मुश्किल हो गया है। ग्राम पंचायत द्वारा सफाई के लिए ग्रामीणों पर लगाया गया शुल्क वसूलना मुश्किल हो रहा है। अधिकांस ग्रामीण शुल्क नहीं दे पा रहे हैं, जिसके चलते सफाई कर्मचारियों की सेलरी और कूड़ा वाहन में तेल का खर्च उठाना मुश्किल हो गया है। बहादराबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत कटारपुर अलीपुर, बिशनपुर, रानीमाजरा, धनपुरा, फेरुपुर, नसिरपुर कला, पदार्था, शाहपुर, बादशाहपुर, टिकोला, धारीवाला, अम्बुवाला आदि कई ग्राम पंचायत में सफाई अभियान के लिए ग्रामीणों पर 20 से 30 रुपये प्रति माह का शुल्क लगाया गया था। कुछ दिन गांव में सफाई अभियान धड़ल्ले से चला और ग्रामीणों ने शुल्क के पैसे भी अदा किए। मगर यह अभियान अब ग्राम प्रधान के गले की हड्डी बन चुका है।

ग्राम प्रधान द्वारा अगर गांव में सफाई अभियान किया जाता है तो सफाई कर्मचारियों की तनख्वा के लाले पड़ जाते है। वहीं, सफाई नहीं होती है तो ग्राम पंचायत द्वारा खरीदे गए ट्रैक्टर ट्रॉली और डस्टबिन में लगा पैसे खटाई में चला जाता है। पिछले कुछ महीने से अधिकांश ग्रामीण ग्राम पंचायत को शुल्क का पैसा नहीं दे रहे है। जिसके चलते कूड़ा उठान ठप हो गया है। ग्राम प्रधानों ने सरकार से गुहार लगाई है कि सफाई कर्मचारियों व कूड़ा वाहनों के लिये तेल की व्यवस्था सरकार की ओर से की जाए, ताकि गांव में सफाई अभियान चलता रहे। ग्रामीण दीपक, रहमान, निशार, दीपक, राजकुमार, कुलदीप, बालेश, मोहन, मिरहसन, सुल्तान, कुर्बान का कहना है कि पंचायत में साप्ताहिक पीठ आदि का ठेका होता है। उस पैसे को गांव की सफाई में खर्च करना चाहिए। वहीं, ग्राम प्रधान विजयता चौहान, पूजा चौहान, गुलनाज अंसारी, दीपक सैनी, मीनू सैनी, बबलू आदि का कहना है गांव में पंचायत की कमाई का कोई साधन नहीं है। पंचायत को सफाई के लिए बजट मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ पंचायतों में ही पीठ बाजार लगता है। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी सचिन चौहान का कहना है कि गांव में होने वाली सफाई का खर्च ग्राम पंचायत द्वारा नहीं किया जाता है। पंचायत में सफाई अभियान का शुल्क ग्रामीणों को देना होगा, तभी सफाई संभव हो पाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉ. आरके सिंह ने संभाला सीएमओ का पद

हरिद्वार। डॉ. आरके सिंह ने मंगलवार को सीएमओ का पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करना प्राथमिकता है। सीएमओ ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के प्रत्येक कर्मी को टीम भावना के साथ काम करते हुए मरीजों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए अपना सौ फीसदी देना होगा। जिसके लिए हमारी पूरी टीम तैयार है। निवर्तमान सीएमओ डॉ.मनीष दत्त ने डॉ. आरके सिंह को कार्यभार सौंपा। इस दौरान डॉ.अशोक तोमर, डॉ. अनिल वर्मा मौजूद रहे।

### बैंक में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

हरिद्वार। एसबीआई में नौकरी दिलाने के नाम पर 12.49 लाख की ठगी कर ली गई। पीड़ित पक्ष ने कोर्ट के आदेश पर चार आरोपियों के खिलाफ श्यामपुर थाने में धोखाधड़ी समेत प्रभावी धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। कोर्ट को दिए प्रार्थना पत्र में सतीश कुमार, निवासी ग्राम गैंडीखाता श्यामपुर ने बताया कि उसके परिचित आकाश उर्फ रविराज मलिक ने अपनी भतीजी के नामचीन खिलाड़ी होने की बात कही थी। भरोसा दिलाया था कि उसकी भतीजी की जान पहचान एसबीआई बैंक की मुख्य शाखा दिल्ली के उच्चाधिकारियों से है। एसबीआई की शाखा कश्मीरी गेट में लिपिक की भर्ती होनी है, यदि कोई परिचित हो तो उसे वह नौकरी मिल जाएगी। आरोप है कि उसने अपने बेटे हरीश की नौकरी लगवाने की बात कही। तय हुआ कि नौकरी लगने की एवज में 12.50 लाख रुपये अदा करने होंगे। आरोप है कि आकाश ने उसकी मुलाकात दीपक श्रीवास्तव और सूरज कुमार को बैंक अधिकारी कहते हुए करवाई। जिसके बाद अलग-अलग खातों में कुल 12 लाख 49 हजार की रकम ट्रांसफर की गई। बकायदा उन्हें मेडिकल और ट्रेनिंग कराने के लिए पत्र दिए गए। जब बेटे को ट्रेनिंग के लिए पटना बुलाया तब वहां उसे ज्वाइनिंग लेटर दे दिया गया। लेकिन आज तक नौकरी नहीं मिली। पूछताछ करने पर उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जानकारी जुटाने पर पता चला कि यह सभी लोग गैंग बनाकर नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी करते हैं। पूर्व में सहारनपुर के देवबंद थाने में भी इनके खिलाफ केस दर्ज हैं। एसओ नितेश शर्मा ने बताया कि आरोपी रविराज मलिक उर्फ आकाश, दीपक श्रीवास्तव निवासीगण शाहबुद्दीन रोड नया रामपुरी गेट नंबर-3 मुजफ्फरनगर, विनोद उर्फ विशाल निवासी हैबिटेट पंचत्व अपार्टमेंट ग्रेटर नोएडा थाना बिसरत जिला गौतमबुद्ध नगर यूपी, सूरज कुमार निवासी बिधलीपुर पटना बिहार के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### एलिवेटेड हाईवे और रिंग रोड से सड़कों को जोड़ने की मांग

हरिद्वार। रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने मंगलवार को हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात की। विधायक ने दिल्ली हाईवे पर सीतापुर से संस्कृत अकादमी तक ऐलिवेटेड रोड बनाने, हरिद्वार-लक्सर हाईवे को रिंग रोड से जोड़ने के लिए जगजीतपुर में कनेक्टिंग रोड बनाए जाने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री से बातचीत कर स्वीकृत कराने का अनुरोध किया। विधायक ने बताया कि सीतापुर ज्वालापुर हाईवे रेड लाइट पर छह रास्ते आपस में मिलते है। इस कारण हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम की समस्या के निस्तारण के लिए ज्वालापुर हाईवे रेड लाइट से संस्कृत अकादमी तक एलिवेटेड हाईवे का निर्माण जरूरी है।

### हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कर कांवड़ियों का स्वागत

हरिद्वार। कांवड़ मेले में विभिन्न राज्यों से शिवभक्तों का हरिद्वार पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। कांवड़िये लगातार गंगाजल भरकर अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। मंगलवार को सीएम हरिद्वार पहुंचे, जहां उन्होंने कांवड़ियों का पैर धोकर स्वागत किया। स्वागत के बाद भल्ला कॉलेज से उड़ाने भरने के बाद हेलीकॉप्टर पुष्प वर्षा करते हुए हरकी पैड़ी पहुंचा। जहां कांवड़ियों ने पुष्पवर्षा देख हर-हर महादेव, बम-बम भोले की जयकारे लगाने शुरू कर दिए। हेलीकॉप्टर सीसीआर होते हुए कांवड़ पटरी पर पहुंचा, जहां लगातार पुष्प वर्षा की गई। इस दौरान डीएम धीराज सिंह गर्ब्याल, एसडीएम मनीष सिंह, एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### दो दोपहिया वाहन चोरी

हरिद्वार। अलग-अलग जगह से दो दोपहिया वाहन चोरी कर लिए गए। इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। वाहन स्वामी अनिल वर्मा निवासी सुभाषनगर की मोटरसाइकिल हरिद्वार रेलवे स्टेशन के पास से चोरी कर ली गई। उधर, मोहित कुमार निवासी ग्राम पंचेवली, लक्सर की मोटरसाइकिल रोड़ी बेलवाला पार्किंग हाथीपुल के पास पार्किंग के बाहर खड़ी की थी, जहां से चोरी कर ली गई। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि जल्द ही वाहन बरामद करते हुए आरोपी दबोच लिए जाएंगे।

### धनपुरा में पेयजल योजना का काम अधर में लटका

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के गांव घिस्सुपुरा में पेयजल योजना को मंजूरी मिलने के बाद भी काम अधर में लटका हुआ है। ठेकेदार ने कार्य को रोका हुआ है। ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी से मामले की शिकायत कर जांच की मांग की है। ताकि ग्रामीणों को जल्द स्वच्छ जल मिल सके।ग्राम पंचायत धनपुरा के गांव घिस्सुपुरा में ग्राम पंचायत द्वारा पेयजल योजना का प्रस्ताव पास किया गया था। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद संबंधित अधिकारियों ने योजना को शुरू करने के लिए टेंडर कर कार्य ठेकेदार को दे दिया। गांव में पानी की टंकी और पाइपलाइन के निर्माण के लिए कार्य धीमी गति से किया जा रहा है। लगभग दो साल बीतने के बाद भी गांव में पाइपलाइन डालने का कार्य पूरा नहीं हो सका। गांव में लगभग दस हजार की आबादी आज भी हैंडपंपों से निकल रहे दूषित पानी पीने को मजबूर है। ग्रामीण सलीम अहमद, सकील, जाकिर, राशिद, सुनील, पाल सिंह, स्याम शुन्दर, दीपक, राजकुमार, सुनील कुमार, मनोज का कहना है कि पेयजल योजना के शुरू होने से ग्रामीणों को स्वच्छ जल मिल सकेगा। मामले में ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी से शिकायत कर जांच की मांग की है। उनका कहना है की जल्द पाइपलाइन का काम खत्म कर पानी की सप्लाई शुरू की जानी चाहिए। इधर, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तस्लीम अहमद ने बताया ठेकेदार को कार्य दिया गया है, जो कार्य में देरी कर रहा है। इधर, एसडीएम अजयवीर सिंह ने बताया कि किस कारण से देरी हो रही है, इसका पता लगवाया जा रहा है।

### टिबड़ी स्थित भेल मार्ग पर सड़क पर दिखा गुलदार

हरिद्वार। सोमवार देर शाम कुछ युवक कार में सवार होकर टिबड़ी से भेल मार्ग होकर जा रहे थे। तभी उनके कार के आगे गुलदार आ गया। युवकों ने कार के अंदर से ही गुलदार की वीडियो भी बना ली। काफी देर तक वह उस मार्ग के आसपास ही घुमता रहा। कार सवार युवकों ने इसकी सूचना वापस आकर टिबड़ी के निकट लगे भेल के बैरियर पर बैठे सुरक्षा कर्मियों को दी। सूचना के बाद बैरियर पर खड़े सुरक्षा कर्मियों ने दोपहिया वाहन चालकों को उस मार्ग पर जाने से रोक दिया।

हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस



# एसएसपी अजय सिंह ने कांवड़ रुट पर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश , 31 जुलाई , कांवड मेले के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून अजय सिंह फील्ड में उतरे और ऋषिकेश क्षेत्र का भ्रमण कर मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा तथा यातायात प्रबन्धन हेतु पुलिस द्वारा की गयी व्यवस्थाओं का जायजा लिया । भ्रमण के दौरान एसएसपी ने ड्यूटी में नियुक्त कर्मचारियों को बरसात एंव तेज धूप से बचाव हेतु बरसाती व छतरियां वितरित की गई, साथ ही ड्यूटीरत कर्मचारियो से वार्ता कर उनसे ड्यूटी के दौरान आने वाली दिक्कतों के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए उन्हें ड्यूटी के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक रहने के निर्देश दिए ।

इस दौरान अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करने वाली 2 महिला कर्मियों को एसएसपी अजय सिंह ने नगद पुरूस्कार से पुरूस्कृत करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया तथा ड्यूटीरत अन्य कर्मियों को भी ड्यूटी के दौरान पूर्ण निष्ठा से अपनी ड्यूटी का निर्वहन किये जाने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही सभी

- ड्यूटी के दौरान अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करने वाली 02 महिला कर्मियों को नगद पुरस्कार दिया
- कांवड मेले में ड्यूटीरत अधिकारियों/कर्मचारियों को बरसात से बचाव हेतु छतरी व बरसाती किये वितरित
- ड्यूटी के साथ- साथ अपने स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक रहने के सभी अधिनस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों को दिये निर्देश

अधिकारियों/कर्मचारोयो को ड्यूटी के दौरान अपने व्यवहार को संयमित रखते हुए कावड यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की हर संभव सहायता के निर्देश दिए गए।








## ग्रामीण क्षेत्रों को पालिका में शामिल करने का होगा व्यापक विरोधः कर्नाटक

अल्मोड़ा। सरकार के द्वारा अल्मोड़ा नगर पालिका को नगर निगम बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों को नगर निगम में शामिल करने की जो साजिश की जा रही है उस साजिश का कड़ा विरोध करूँगा, यह बात पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक ने प्रेस को जारी बयान में कही। प्रेस को जारी बयान में उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीण क्षेत्रों को नगर निगम में शामिल कर भारी भरकम टैक्स वसूलने की जो राज्य सरकार साजिश कर रही है उसे किसी भी सूरत में कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। कर्नाटक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी मुश्किल से पंचायतें कार्य कर रही हैं, गांव के विकास और सुदृढीकरण के लिए पंचायतों को मजबूत कर कार्य किये जा रहे हैं। ऐसे में नगर निगम में ग्रामीण क्षेत्रों को शामिल कर टैक्स के नाम पर भारी भरकम शुल्क लगाने की सरकार की कवायद बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की जनता को कागजों में नगर निगम में शामिल कर लेने पर जनता को कोई लाभ नहीं मिलने वाला। यदि सरकार जनता की भलाई चाहती है तो पहले धरातल पर ग्रामीण क्षेत्रों में जनता को रास्तों, सड़कों, रात्रि में पथ प्रकाश व्यवस्था, सीवर लाईन, खेल मैदान, समुचित पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराए। इसके बाद ग्रामीण क्षेत्र की भोली भाली जनता से नगर निगम के नाम पर कर वसूलने की सोचें। बिट्टू कर्नाटक ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार की मंशा ग्रामीण क्षेत्र से भी बड़े पैमाने पर टैक्सी वसूली की है। कर्नाटक ने कहा कि किसी भी सूरत में ग्राम सभाओं को नगर पालिका में सम्मिलित करने की जो मंशा सरकार के मन में चल रही है उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा और इसका व्यापक विरोध किया जाएगा।

## चोरियों का जल्द खुलासा न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

अल्मोड़ा । नगर में चोरों ने सेलाखोला स्थित नया बाजार में जीतेंद्र वर्मा पुत्र स्वर्गीय आनंद लाल वर्मा की ज्वैलरी की दुकान में सेंधमारी कर दी। चोर दुकान में रखा सोना और चांदी ले उड़े। नगर क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में रोष बढ़ता जा रहा है। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस ने मौका मुआयना किया। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल अल्मोड़ा जिला अध्यक्ष मनोज सिंह पवार ने कहा कि यदि नगर में हुई दोनों चोरियों की घटनाओं का पुलिस प्रशासन द्वारा जल्द खुलासा नहीं किया गया तो देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल अल्मोड़ा आंदोलन को बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में पूर्व व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष हरेंद्र वर्मा, देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष मनोज सिंह पवार, स्वर्णकार संघ अध्यक्ष दीपक वर्मा, विनीत बिष्ट, नगर महासचिव दीपचंद जोशी, चिरंजी लाल वर्मा, प्रदीप वर्मा, कमल वर्मा, नवीन वर्मा, मनोज वर्मा, नवीन रस्तोगी, नवनीत वर्मा, भुवन वर्मा, अमित वर्मा आदि शामिल रहे।

## त्रिस्तरीय पंचायत का कार्यकाल दो साल बढ़ाने को लेकर किया प्रदर्शन

अल्मोड़ा । प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत का कार्यकाल दो साल बढ़ाने व एक राज्य में एक चुनाव फॉर्मूले को लागू करने की मांग को लेकर हवालबाग में पंचायत जनप्रतिनिधियों ने प्रदर्शन किया। मंगलवार को जिला प्रधान संगठन के आह्वान पर जिलेभर में पंचायत प्रतिनिधियों ने ब्लॉक मुख्यालयों में ताले जड़ धरना प्रदर्शन किया।

साथ ही शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिस पर पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि वर्ष 2019 में त्रिस्तरीय पंचायत चुनी गई थी। उन्होंने कहा कि निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को कोरोना काल में दो साल तक विकास के काम करने का अवसर नहीं मिला है। इसलिए पंचायत प्रतिनिधियों को काम के लिए अतिरिक्त समय मिलने के साथ सरकार को अध्यादेश लाकर पंचायतों के दो वर्ष के कार्यकाल को बढ़ाने की कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पंचायत एक्ट के तहत पंचायत की बैठक नहीं होने पर उस कालखंड को पंचायत के कुल कार्यकाल में नहीं जोड़ा जा सकता।

प्रदेश के 12 जिलों में पंचायत का कार्यकाल बढ़ाया जाना एक्ट के अनुरूप है। कहा कि एक राज्य एक चुनाव के लिए पंचायत का कार्यकाल दो साल बढ़ाया जाना बेहद जरूरी है। ताकुला, धौलादेवी, लमगड़ा, ताड़ीखेत, भिकियासैंण, सल्ट, स्याल्दे आदि जगहों पर भी पंचायत जनप्रतिनिधियों ने ब्लॉक मुख्यालय में ताले जड़ विरोध जताया।

## संक्षिप्त खबरें

### देसी तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

हरिद्वार। सिडकुल क्षेत्र में वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे एक आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया। जिसके कब्जे से देसी तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसओ मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि सोमवार देर रात एसआई संदीप चौहान की अगुवाई में पुलिस टीम ने लेबर चौक मार्ग पर बिना नंबर प्लेट की बाइक सवार युवक को रोकना चाहा तो वह भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से देसी तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सागर कुमार उर्फ अर्जुन कुमार, निवासी मुंडीखेडी थाना रामपुर मनिहारन जिला सहारनपुर यूपी, हाल निवासी न्यायापुर गोवर्धनपुर खानपुर बताया।

### कांवड़िये का शव पेड़ से लटका मिला

रुड़की। हाईवे पर बॉर्डर के पास कुआंहेड़ी के जंगल में एक कांवड़िये का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंगलवार को पुलिस को एक किसान ने सूचना देकर बताया कि उसके खेत में एक कांवड़िये का शव पॉपुलर के पेड़ से फंदा बनाकर लटका हुआ है। सूचना मिलते ही तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पेड़ से नीचे उतारा। युवक ने कांवड़िये का वेश धारण किया हुआ था। नारसन पुलिस चौकी प्रभारी देवेंद्र कुमार तोमर ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। मृतक की उम्र 25 से 30 वर्ष के बीच बताई गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### भोले के भक्तों की सेवा करना ही सच्ची भक्तिः गोयल

रुड़की। तपती धूप में शिवभक्तों की सेवा के लिए निवर्तमान मेयर गौरव गोयल और उनकी टीम ने मंगलवार को शिवभक्त कांवड़ियों को शीतल पेय पदार्थ का वितरण किया गया। शिवभक्तों की सेवा करते हुए निवर्तमान मेयर गौरव गोयल ने कहा कि भोलों की सेवा करना ही सच्ची शिवभक्ति है। इस पवित्र सावन माह में जितना भी बन पाए सबको सच्चे मन से शिवभक्तों की सेवा करनी चाहिए। इस दौरान पीयूष जैन, गोविंद कौशिक, अमर अली, संदीप शर्मा, गौरव त्यागी, निखिल सेठी, सार्थक गोयल, आशु प्रजापति, आकाश राठौर, तुषार गोयल, दीपक भारती प्रणव आदि ने शिवभक्तों की सेवा की।